मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला : संस्कृत ग्रन्थांक—३८

जैनेन्द्र सिद्धान्त कोश

भाग १

(अ —औ)

क्षु. जिनेन्द्र वर्णी



भारतीय ज्ञानपीठ

आठवाँ संस्करण : २००१ □ मूल्य : १८० रुपये

ISBN 81-263-0923 - 7 (Set)
81-263-0924 - 5 (Part-I)

भारतीय ज्ञानपीठ

(स्थापना : फाल्गुन कृष्ण 9; वीर नि. सं. 2470; विक्रम सं. 2000; 18 फरवरी 1944)

पुण्यश्लोका माता मूर्तिदेवी की स्मृति में
साहू शान्तिप्रसाद जैन द्वारा संस्थापित
एवं
उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रमा जैन द्वारा सम्पोषित

मूर्तिदेवी जैन ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमाला के अन्तर्गत प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, हिन्दी, कन्नड़, तमिल आदि प्राचीन भाषाओं में उपलब्ध आगमिक, दार्शनिक, पौराणिक, साहित्यिक, ऐतिहासिक आदि विविध-विषयक जैन साहित्य का अनुसन्धानपूर्ण सम्पादन तथा उनका मूल और यथासम्भव अनुवाद आदि के साथ प्रकाशन हो रहा है। जैन-भण्डारों की ग्रन्थसूचियाँ, शिलालेख-संग्रह, कला एवं स्थापत्य पर विशिष्ट विद्वानों के अध्ययन-ग्रन्थ और लोकहितकारी जैन-साहित्य ग्रन्थ भी इस ग्रन्थमाला में प्रकाशित हो रहे हैं।

•

ग्रन्थमाला सम्पादक (प्रथम संस्करण)
डॉ. हीरालाल जैन एवं डॉ. आ. ने. उपाध्ये

प्रकाशक
भारतीय ज्ञानपीठ
18, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोदी रोड, नयी दिल्ली-110 003
मुद्रक : विकास कम्प्यूटर एण्ड प्रिंटर्स, दिल्ली-110 032

© भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित

MOORTIDEVĪ JAINA GRANTHAMĀLĀ : Sanskrit Grantha No.38

JAINENDRA SIDHĀNTA KOSA

VOL. I

(अ –औ)

by

Kshu. JINENDRA VARNĪ

BHARATIYA JNANPITH

Eighth Edition : 2003 □ Price : Rs. 180

ISBN 81-263-0923 - 7 (Set)
81-263-0924 - 5 (Part-I)

BHARATIYA JNANPITH

(Founded on Phalguna Krishna 9, Vira N Sam 2470, Vikrama Sam 2000, 18th Feb 1944)

MOORTIDEVI JAIN GRANTHAMALA

FOUNDED BY

Sahu Shanti Prasad Jain

In memory of his illustrious mother Smt Moortidevi

and

promoted by his benevolent wife

Smt. Rama Jain

In this Granthamala critically edited jain agamic, philosophical, puranic, literary, historical and other original texts in Prakrit, Sanskrit, Apabhramsha, Hindi, Kannada, Tamil etc are being published in original form with their translations in modern languages
Also being published are catalogues of Jain bhandaras, inscriptions, studies on art and architecture by competent scholars and also popular Jain literature

•

General Editors (First Edition)

Dr Hiralal Jain & Dr A N Upadhye

Published by

Bharatiya Jnanpith

18, Institutional Area, Lodi Road, New Delhi-110 003

Printed at Vikas Computer & Printers, Delhi-110 032

© All Rights Reserved by Bharatiya Jnanpith

प्रकाशकीय प्रस्तुति

'जैनेन्द्र सिद्धान्त कोश'के प्रथम भागका यह दूसरा संस्करण प्रकाशित हो रहा है। पहला संस्करण लगभग पन्द्रह वर्ष पूर्व प्रकाशित हुआ था, अप्रैल १९७० में। जैन साहित्यका यह ऐसा गौरव ग्रन्थ है जो अपनी परिकल्पनामें, कोश-निर्माण कलाकी वैज्ञानिक पद्धतिमें, परिभाषित शब्दोंकी प्रस्तुति और उनके पूर्वापर आयामोंके संयोजनमें अनेक प्रकारसे अद्भुत और अद्वितीय है। इसके रचयिता और प्रायोजक पूज्य क्षुल्लक जिनेन्द्र वर्णीजी आज हमारे बीच नहीं हैं। उनके जीवनकी उपलब्धियोंका चरमोत्कर्ष था उनका समाधिमरण जो ईसरीमें तीर्थराज सम्मेद शिखरके पादमूलमें आचार्य विद्यासागर जी महाराजसे दीक्षा एवं सल्लेखना व्रत ग्रहण करके श्री १०५ क्षुल्लक सिद्धान्तसागरके रूपमें २४ मई १९८३ को सम्पन्न हुआ। वह एक ज्योति पंजका तिरोहण था जिसने आजके युगको आलोकित करनेके लिए जैन जीवन और जिनवाणीकी प्रकाश-परम्पराको अक्षत रखा। उनके प्रति बारम्बार नमन हमारी भावनाओंका परिष्करण है।

भारतीय ज्ञानपीठके संस्थापक दम्पती स्व. श्री साहू शान्तिप्रसाद जैन और उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीया श्रीमती रमा जैनने जैनेन्द्र सिद्धान्त कोशके प्रकाशनको अपना और ज्ञानपीठका सौभाग्य माना था। कोशका कृतित्व पूज्य वर्णीजी की बीस वर्षकी साधनाका सुफल था। मूर्तिदेवी ग्रन्थमालाके सम्पादक-द्वय स्व. डा. हीरालाल जैन और डा. आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्येने अपने प्रधान सम्पादकीयमें लिखा है—

"·····जैनेन्द्र सिद्धान्त कोश प्रस्तुत किया जा रहा है जो ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी ग्रन्थमाला संस्कृत सीरीजका ३८वां ग्रन्थ है। यह क्षुल्लक जिनेन्द्र वर्णी द्वारा संकलित व सम्पादित है। यद्यपि वे क्षीणकाय तथा अस्वस्थ हैं फिर भी वर्णीजीको गम्भीर अध्ययनसे अत्यन्त अनुराग है।·····इस प्रकाशनसे ज्ञानके क्षेत्रमें ग्रन्थमालाका गौरव और भी बढ़ गया है। ग्रन्थमालाके प्रधान सम्पादक, क्षु. जिनेन्द्र वर्णीके अत्यन्त आभारी हैं जो उन्होंने अपना यह विद्वत्तापूर्ण ग्रन्थ इस ग्रन्थमालाको प्रकाशनार्थ उपहारमें दिया।"

उक्त 'प्रधान सम्पादकीय' को और पूज्य क्षु. जिनेन्द्र वर्णीके 'प्रास्ताविक' को हम ज्योंका त्यों इस दूसरे संस्करणमें भी प्रकाशित कर रहे हैं। अपने 'प्रास्ताविक' में वर्णीजीने कोशकी रचना प्रक्रिया और विषय-नियोजन तथा विवेचनकी पद्धति पर प्रकाश डाला है। ये दोनों लेख महत्त्वपूर्ण हैं और पठनीय हैं।

यह कोश पिछले अनेक वर्षोंसे अनुपलब्ध था। यह नया संस्करण पूज्य वर्णीजीने स्वयं अक्षर-अक्षर देखकर संशोधित और व्यवस्थित किया है। इस संशोधन कार्यमें पूज्य वर्णीजीके कई वर्ष लग गये क्योंकि अनेक नये शब्द उन्होंने जोड़े हैं, कई स्थानोंपर तथ्यात्मक संशोधन, परिवर्तन, परिवर्द्धन किये हैं। 'इतिहास' तथा 'परिशिष्ट' के अन्तर्गत दिगम्बर मूल संघ, दिगम्बर जैनाभासी संघ, पट्टावली तथा गुर्वावलियाँ, संवत्, गुणधर आम्नाय, नन्दिसंघ, आदि शीर्षकोंसे महत्वपूर्ण सामग्री जोड़ी है। इसी प्रकार आचार्योंके नामोंकी सूचीमें पहले मात्र ३६० नाम थे जो अब बढ़कर ६१८ हो गये हैं। आगम ग्रन्थ सूचीमें पहले ५०४ ग्रन्थोंके नाम थे, अब यह संख्या ६५१ हो गयी हैं। आचार्य सूची और आगम सूचीका पर्याप्त परिवर्द्धन किया है। पूज्य वर्णीजीने यह सब किया, चारों भागोंका संशोधन किया और सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह कि कोशका पांचवां भाग तैयार कर दिया जो चारों भागोंकी अनुक्रमणिका है।

इस कारण यह कोश सर्वांगीण हो गया है। इसकी उपयोगिता और तात्कालिक सन्दर्भ सुविधा कई गुना बढ़ गयी है। इस प्रथम भागकी भाँति शेष तीन भागोंका भी दूसरा संशोधित संस्करण शीघ्र ही ज्ञानपीठ

प्रकाशित कर रही है। इसी क्रममें नया पाँचवाँ भाग भी प्रकाशित होगा। कोशका प्रकाशन इतना अधिक व्यय-साध्य हो गया है कि सीमित संख्यामें ही प्रतियाँ छापी जा रही है। पाँचो भागोंकी संस्करण-प्रतियोंकी संख्या समान होगी। अतः संस्थाओं और पाठकोंके लिए यह लाभदायक और आश्वासनकारी होगा कि वह पाँचो भागोंके लिए संयुक्त आदेश भेज दें। पांचों भागोंके संयुक्त मूल्यके लिये नियमोंकी जानकारी कृपया ज्ञानपीठ-कार्यालयसे मालूम कर लें।

ज्ञानपीठके अध्यक्ष श्री साहू श्रेयांसप्रसाद जी और मैनेजिंग ट्रस्टी श्री साहू अशोक कुमार जैनका प्रयत्न है कि यह बहुमूल्य ग्रन्थ संस्थाओंको विशेष सुविधा नियमोंके अन्तर्गत उपलब्ध कराया जाये।

कोषके इस संस्करणके सम्पादन-प्रकाशनमें 'टाइम्स रिसर्च फाउण्डेशन', बम्बई ने जो सहयोग दिया है उसके लिए भारतीय ज्ञानपीठ उनका आभारी है।

प्रथम भागके इस संस्करणके मुद्रणमें डा. गुलाबचन्द्र जैनने दिल्ली कार्यालयमें और टाइम्स आफ इण्डिया, नयी दिल्लीके भूतपूर्व जाब प्रेस मैनेजर श्री यतीशचन्द्र जैनने वाराणसीमें बैठकर इसके मुद्रणमें जिस दायित्वका निर्वाह किया है, वह प्रशंसनीय है।

मूर्तिदेवी ग्रन्थमालाके सम्पादक द्वय—सिद्धान्ताचार्य पं. कैलाशचन्द्रजी, वाराणसी और विद्यावारिधि डॉ ज्योतिप्रसाद जैन, लखनऊका मार्गदर्शन ज्ञानपीठको सदा उपलब्ध है। हम उनके कृतज्ञ हैं।

पूज्य वर्णीजीने यद्यपि कोशके इस पहले भागमें इस प्रकारका कोई उल्लेख नहीं किया था, किन्तु दूसरे भागके 'प्रास्ताविक'में ब्रह्मचारिणी कुमारी कौशलजीके सम्बन्धमे जो हार्दिक उद्गार व्यक्त किये उनके वह आशीष-वचन हम इस संस्करणमें भी विशेष रूपसे सम्मिलित कर रहे हैं।

महावीर जयन्ती
३ अप्रैल, १९८५

कृते भारतीय ज्ञानपीठ
लक्ष्मीचन्द्र जैन

प्रास्ताविक

[द्वितीय भाग के प्रथम संस्करण से]

जैनेन्द्र सिद्धान्त कोशके स्वर भाग (अ से औ तक) का प्रकाशन भाग १ के रूपमें ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी ग्रन्थमालाके अन्तर्गत सस्कृत ग्रन्थांक ३८ के रूपमें पिछले वर्ष १९७० मे हुआ था। उसके बाद एक वर्षके भीतर ही दूसरा भाग क से न तकका छपकर तैयार हो गया और उसी ग्रंथमालाके चालीसवे ग्रथके रूपमे प्रकाशित हो रहा है। सामग्रीके संचयन, सम्पादनसे लेकर मुद्रण प्रकाशन तकका सम्पूर्ण कार्य अत्यन्त श्रमसाध्य रहा है। इसमें जिस-जिसका भी योगायोग रहा है उन सबके प्रति मगल कामना करता हूँ।

इस सन्दर्भमे पानीपत निवासिनी कुमारी कौशलका नाम विशेष उल्लेखनीय है, जिसने इस ग्रथकी पाण्डुलिपि तैयार करनेमे सहायता ही नही दी, बल्कि गुरु-भक्ति वश अपनी सुध-बुध भूलकर इस कार्यकी तत्परताके रूपमे कठिन तपस्या की। प्रभु प्रदत्त इस अनुग्रहको प्राप्त करके मै अपनेको धन्य समझता हूँ। और एकनिष्ठ गुरुभक्ता तपस्विनी व सत्यसाधिकाके लिए प्रभुसे प्रार्थना करता हूँ कि जगत्सम्राज्ञी माया रानीके विविध प्रपंचोसे उसकी रक्षा करते हुए वे उसे निरन्तर सत्य पथ पर ही अग्रसर करते रहे, जिससे कि वह किसी दिन उसीमे इस प्रकार लीन हो जाये कि इस मायाका दर्शन करने के लिए उसे लौटकर आना न पड़े।

—जिनेन्द्र वर्णी

GENERAL EDITORIAL

[First Edition]

Jaina Teachers and Authors have richly contributed to the various branches of Indian literature, in different languages. In their exposition of Jaina philosophy and logic, Jaina ontology and mythology and Jaina dogmatics and ethics—in fine, in their treatises primarily devoted to Jainism, they have used a large number of words and expressions with technical and specialised meaning, not ordinarily traced in Sanskrit and Prākrit lexicons. Terms like *dharmadravya*, *pudgala*, *astikāya*, *kṣapakaśreṇi* have, therefore, needed independent definitions and precise explanations. As long as Jaina works were studied in the traditional way and in sectarian schools, the understanding of such terms was more or less a hereditary equipment.

Lately, Jainism is being studied by students of comparative religion; Jaina literature is being viewed as a part of Indian literature; and Jaina contributions to humanistic ideas are being valued on a universal plane, with no special reference to time and place. Secondly, the methods of study are fast undergoing change, and the horizon of learning is also expanding day by day. Hence the need for Bibliographies, Source-books and reference works etc. is being felt by Teachers and Students at every stage in the pursuit of their studies.

When highly technical works like the *Gommaṭāsara* were taken up for study and teaching in the Pāṭhaśālās, the need of reference manuals was urgently felt; and, as far as we know, the late Pt. GOPAL DASJI BARAIYA composed his *Jaina Siddhānta Praveśikā* as early as 1909. The *Abhidhāna-Rājendra-kośa* of VIJAYARAJENDRASURI was published from Ratlam, 1914 etc., in Seven Volumes. It is rather too all-pervasive in its expanse; still it is helpful in locating references and interpretations of a large number of Jaina technical terms. With the inauguration of the Sacred Books of the Jainas, eminent scholars like S. C. GHOSHAL, A. CHAKRAVARTI, J. L. JAINI and others prepared English Translations of some important Jaina works; and they were faced with the difficulty of rendering the Jaina technical terms in a proper manner. 'It struck them forcibly' that 'different translations might employ different English equivalents for the same Jaina word. This destroys uniformity and causes confusion in the mind of a non-Jaina reader of the works. Therefore it was thought best to put together the most important Jaina technical terms and to try to attempt to give fixity to the meaning in which Jaina philosophy employs them. Of course it is idle to claim finality in an undertaking of this kind,' This is what J. L. JAINI said in his Introduction to the *Jaina Gem Dictionary* (Arrah 1918). It is a modest attempt to put together alphabetically Jaina technical terms and to give their meaning in English. It is interesting to note that the basis for this Dictionary is the *Jaina Siddhānta Praveśikā* of GOPAL DAS BARAIYA, noted above. *An Illustrated Ardhamāgadhī Dictionary* (Ajmer-Bombay 1923-32) by RATNACHANDRAJI Śatāvadhāni, in Five (?) Volumes, is helpful in getting explanation of a limited number of technical terms. The *Bṛhat Jaina Śabdārṇava*, in Two Parts, started by Master BIHARILAL JAIN and completed by SHITAL PRASADJI (in Hindi), Barabanki-Surat, 1924-34, is quite a helpful source book and really an achievement for an individual. There is also the *Alpa-paricita-saiddhāntika-śabda-kośa*, Part I (Surat 1954) of ANANADASAGARASURI which aims at giving meanings in Hindi of some rare technical words of Jaina Siddhānta.

The range of Jaina literature and the specialised topics covered therein are pretty vast. Naturally a need is felt for topical source books, the excellent specimens of which we have in the *Leśyā-kośa* (Calcutta 1966) and *Kriyā-kośa* (Calcutta 1969) by Shri MOHANLAL BANTHIA and Shri SHRICHAND CHORADIA. They are exhaustive monographs with the topics arranged in a definite pattern.

A Dictionry of Prākrit Proper Names is in the press compiled at the L. D. Institute of Indology, Ahmedabad.

It is in the same line of the publications, noted above, that the *Jainendra Siddhanta Kośa* Part I, is presented here as No. 38 of the Sanskrit Series of the Jñānpīṭh Mūrtidevi Jaina Granthamālā It is compiled by Kshu. JINENDRA VARNI. Though frail in body and indifferent in health VARNIJI is a prodigy of learning; and his dedication to *svādhyāya* is highly exemplary. The *Kośa* has grown out of his studies of important Jaina works like the *Dhavalā* etc., extending over the last twenty years. It is a source book of topics (alphabetically arranged) drawn from a large number of Jaina texts dealing with *dravya-*, *karaṇa-caraṇa-*, and *prathama-anuyoga*. The range of works consulted can be seen from the Saṃketa sūcī. Extracts from the basic sources are given, so also their Hindi translations, with necessary references. There are added many important tables and charts which give the required details at a glance. For VARNIJI all this is a labour of love and devotion to study; and he has given to scholars a valuable source book of Jaina studies. The academic dignity of the Granthamālā is really heightened by this publication. The General Editors are highly obliged to Kshu. JINENDRA VARNIJI for kindly placing this scholorly work at their disposal for publication in the Granthamālā.

The Koṣas, listed above, are part attempts, and they do not cover the whole range of Jainological studies. Some of them may be having their limitations, if not defects. This is inevitable in all such individual efforts and that too at the early stages of Jainological studies which are still in their infancy. It is these and such other attempts, I am sure, will one day contribute their share to the institutionalised compilation of the Encyclopaedia of Jainism, something on the lines of the *Encyclopaedia of Buddhism* published by the Government of Ceylon.

Words are inadequate to express our sense of gratefulness to Shriman SAHU SHANTI PRASADAJI and his enlightened wife Smt. RAMA JAIN. Their generosity in the cause of the neglected branches of Indian learning is unbounded; but for their patronage such works could never have seen the light of day. The scholars will ever remain obliged to them for their academic idealism in financing such learned works which have hardly any sale.

It was very kind of Kshu. VARANIJI that he fully cooperated with the General Editors in fixing up the format and typography of the *Koṣa*. Our special thanks are due to Shri L.C. Jain who took personal interest in this work by securing special types etc. Dr. GOKUL CHANDRA JAIN helped us in various ways by being on the spot where this work was printed. The Sanmati Mudranalaya has really earned a feather in its cap by carefully printing this complicated work.

—H. L. Jain
—A. N. Upadhye

Mahavira Jayanti
April 19, 1970

प्रधान सम्पादकीय

जैन आचार्यों और साहित्याकारोंने विभिन्न भाषाओंमें भारतीय साहित्यकी विविध विधाओंको अत्यधिक समृद्ध किया है। उन्होंने अपने जैन दर्शन और तर्क शास्त्र, जैन तत्त्वविद्या और पौराणिक कथा, जैन सिद्धान्त व नीतिशास्त्र तथा अन्य प्रबन्धों-कृतियोंमें मूल रूपसे जैनधर्मका सुन्दर प्रतिपादन किया है। जैन सिद्धान्तोंकी इस प्रस्तुतिमें उन्होंने बहुसंख्यामे ऐसे पारिभाषिक और विशेषार्थ गर्भित शब्दोंका प्रयोग किया है जिन्हें प्रायः संस्कृत और प्राकृत शब्दकोशोंमें नहीं देखा-खोजा जा सकता। अतएव इस स्थितिमें धर्मद्रव्य, पुद्गल, अस्तिकाय, क्षपकश्रेणि आदि जैसे पारिभाषिक शब्दोंकी पृथक् परिभाषाएं और यथार्थ व्याख्याएं उपस्थित करना आवश्यक हो गया है। जब तक जैन साहित्यका अध्ययन परम्परानुसार और साम्प्रदायिक विद्यालयोंमें कराया गया, ऐसे पारिभाषिक शब्दोंकी समझ होनाधिक रूपमें एक पैतृक सम्पत्तिकी प्राप्ति जैसी थी।

आज अध्येताओं द्वारा जैनधर्मका अध्ययन तुलनात्मक रूपसे किया जा रहा है, जैन साहित्यको भारतीय साहित्यका एक अभिन्न अंग माना जा रहा है, तथा समय और स्थानके विशेष दायरेसे निकलकर मानवीय आदर्शोंके क्षेत्रमें विश्व आयाम पर जैनधर्मके योगदानोंको मापा जा रहा है। इसके अतिरिक्त अध्ययनकी रीतियाँ शीघ्रतासे बदल रही हैं और ज्ञानका क्षेत्र भी अहर्निश विस्तृत होता जा रहा है। परिणाम स्वरूप प्राध्यापकों और विद्यार्थियों द्वारा अध्ययनकी दिशामें पग-पग पर ग्रन्थ सूचियों, मूल स्रोत ग्रन्थों तथा सन्दर्भ ग्रन्थोंकी कमीका अनुभव किया जा रहा है।

जब पाठशालाओंमें अध्ययन-अध्यापनके लिए गोम्मटसार जैसे पारिभाषिक लाक्षणिक ग्रन्थोंको चुना जाता था, तब इस प्रकारके शब्दकोशोंकी आवश्यकताका अनुभव अधिक होता था। और जहाँ तक हमें ध्यान है, स्वर्गीय पं० गोपालदास जी बरैयाने इसी अभावकी पूर्तिके लिए सन् १९०९ में जैन सिद्धान्त प्रवेशिकाकी रचना की थी। सन् १९१४ में रतलामसे विजयराजेन्द्रसूरिका अभिधान राजेन्द्र कोश सात भागों में प्रकाशित हुआ था। यद्यपि उसका विस्तार अत्यधिक है, फिर भी वह बहुतसे जैन पारिभाषिक शब्दोंके उद्धरण तथा व्याख्याओंको खोजनेमें उपयोगी सिद्ध हुआ है। एस. सी. घोषाल, ए. चक्रवर्ती, जे. एल. जैनी प्रभृति प्रमुख विद्वानोंने सेक्रेड बुक्स ऑफ द जैनाज़की स्थापना की और उसके अतर्गत कुछ महत्त्वपूर्ण जैन ग्रन्थोंका आंग्लभाषा (अँगरेज़ी) में अनुवाद तैयार किया। उन्हें जैन पारिभाषिक शब्दोंके सही अनुवादमें अनेक कठिनाइयोंका सामना करना पड़ा। जे. एल. जैनीने जैन जेम डिक्शनरी (आरा, १९१८) की प्रस्तावना में स्वयं इस बातको स्वीकारा है। उन्होंने कहा है—"यह उन्हें अनुभव हुआ कि एक ही जैन शब्दके विभिन्न अनुवादोंमें विभिन्न अँगरेज़ी पर्याय प्रयुक्त हो सकते हैं। इससे एकरूपता समाप्त हो जाती है और ग्रन्थोंके जैनेतर पाठकोंके मनमें दुविधाका कारण बन जाता है। इसलिए सबसे अच्छा उपाय सोचा गया कि अत्यन्त महत्त्वपूर्ण जैन पारिभाषिक शब्दोंको साथ रखा जाय और जैन दर्शनके आलोकमें सही अर्थ प्रस्तुत करनेका प्रयत्न किया जाय। निश्चय ही इस तरहके कार्यको अन्तिम कहना उपयुक्त न होगा। यह उत्तम प्रयास है कि जैन पारिभाषिक शब्दोंको वर्ण-क्रमानुसार नियोजित किया जाय और उनका अनुवाद अंगरेज़ीमें दिया जाय।" यह उल्लेखनीय है कि प्रस्तुत शब्दकोशका आधार स्व० पं० गोपालदास जी बरैया द्वारा रचित उपर्युक्त जैन सिद्धान्त प्रवेशिका है। अजमेर-बम्बईसे सन् १९२३-३२ में प्रकाशित रत्नचन्द्रजी शतावधानीकी एन इलस्ट्रेटेड अर्धमागधी डिक्शनरीके पाँच (?) भाग सीमित संख्यामें जैन पारिभाषिक शब्दोंकी व्याख्या पानेमें सहायक होते हैं। सन् १९२४-३४ में दो भागोंमें बाराबंकी व सूरतसे प्रकाशित बृहज्जैन शब्दार्णव (हिन्दी) जिसे प्रारम्भ किया था मास्टर बिहारी लाल जैनने और समाप्त किया था ब्रह्मचारी शीतल प्रसाद जी ने। यह भी काफी उपयोगी है और वस्तुतः एक व्यक्तिके लिए महत्त्वपूर्ण कार्य है। आनन्दसागरसूरिका 'अल्प-परिचित सैद्धान्तिक शब्दकोश' भाग १ (सूरत १९५४) भी उपलब्ध है जिसका उद्देश्य कुछ जैन सैद्धान्तिक शब्दोंका अर्थ हिन्दी भाषामें प्रस्तुत करना रहा है।

जैन साहित्य और उसमें आगत विशेष विषयोंका क्षेत्र बहुत विस्तृत है। स्वभावतः विषय विशेष पर आधार-ग्रन्थोंकी आवश्यकताका अनुभव किया जाता है। इसके सर्वोत्तम उदाहरण हैं लेश्या कोश (कलकत्ता, १९६६) और क्रिया कोश (कलकत्ता १९६९) जिनका संकलन व सम्पादन सर्व श्री मोहनलाल बांठिया तथा श्रीचन्द चोरडियाने किया है। ये एक निश्चित रीतिसे विषयवार व्यवस्थित ग्रन्थ हैं।

लालभाई दलपतभाई भारतीय विद्या मन्दिर, अहमदाबाद द्वारा 'ए डिक्शनरी ऑफ प्राकृत प्रापर नेम्स्' कोश तैयार कराया गया है जो मुद्रणमें है।

उपर्युक्त प्रकाशनोंकी तरह ही यहाँ जैनेन्द्र सिद्धान्त कोश, भाग १ प्रस्तुत किया जा रहा है, जो ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी ग्रन्थमाला संस्कृत सीरिजका ३८वाँ ग्रन्थ है। यह क्षुल्लक जिनेन्द्र वर्णी द्वारा संकलित व सम्पादित है। यद्यपि वे क्षीण काय तथा अस्वस्थ हैं फिर भी वर्णीजीको गम्भीर अध्ययनसे अत्यन्त अनुराग है। स्वध्यायके प्रति उनका यह समर्पण उदाहरणीय है। लगभग बीस वर्षके उनके सतत अध्ययनका यह परिणाम है कि धवला आदि जैसे महत्त्वपूर्ण जैन ग्रन्थोंपर आधारित यह कोश तैयार किया गया है। यह कोश द्रव्यानुयोग, करणानुयोग, चरणानुयोग तथा प्रथमानुयोगके विषयोंका वर्ण-क्रमानुसार विवेचन करनेवाला ग्रन्थ है। सन्दर्भ ग्रन्थोंको सकेत सूचीसे देखा जा सकता है। मूल ग्रन्थोंके उद्धरण दिये गये हैं, उनके साथ हिन्दी अनुवाद भी हैं और उद्धृत ग्रन्थोंके संकेत भी। इसमें अनेक महत्वपूर्ण सारणियाँ और रेखाचित्र भी जोड दिये गये है जिनके माध्यमसे विस्तृत विषयको एक ही दृष्टिमें देखा जा सकता है। वर्णीजीका यह सब कार्य अध्ययनके प्रति स्नेह और भक्तिका प्रतीक है। इस प्रकाशनसे ज्ञानके क्षेत्रमें ग्रन्थमालाका गौरव और भी बढ़ गया है। ग्रन्थमालाके प्रधान सम्पादक क्षु. जिनेन्द्र वर्णीजीके अत्यन्त आभारी हैं जो उन्होंने अपना यह विद्वतापूर्ण ग्रन्थ इस ग्रन्थमालाको प्रकाशनार्थ उपहारमें दिया। आशा है कि आगेके भाग भी शीघ्र तैयार होंगे।

उपर्युक्त सभी कोश आंशिक प्रयत्न हैं और उनमें जैनधर्मसे सम्बन्धित सभी विषय नहीं आ पाये। इनमेंसे कई एककी अपनी सीमाएं रही हैं यदि कमियाँ नहीं तो। इस प्रकारके व्यक्तिगत प्रयत्नोंमें यह सब सम्भव है और वह भी उस अवस्थामें जब जैनधर्मका अध्ययन प्रारम्भिक स्थितिमें था, जो आज भी शैशवावस्थामें है। ये और इस प्रकारके अन्य प्रयत्न, विश्वास है कि एक दिन श्री लंका सरकार द्वारा प्रकाशित इन्साइक्लोपिडिया ऑफ बुद्धिज्मकी तरह इनसाइक्लोपीडिया ऑफ जैनिज्मके निर्माणमें अपना योगदान देंगे।

श्रीमान् साहू शान्तिप्रसाद जी व उनकी विदुषी पत्नी श्रीमती रमा जैनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करनेके लिए शब्द अपर्याप्त हैं। भारतीय विद्याकी उपेक्षित शाखाओंके उद्धारके प्रति उनकी उदारता असीमित है। अन्यथा इस प्रकारके साहित्यिक कार्योंका प्रकाशन सम्भव नहीं होता। विद्वन्मण्डल उनके इस पुनीत विद्यानुरागके प्रति चिर ऋणी रहेगा कि उन्होंने कठिनाईसे बिकने वाली इस पुस्तककी अर्थ व्यवस्था कर इसे प्रकाशित किया है।

क्षु. वर्णीजीकी बड़ी कृपा रही कि उन्होंने ग्रन्थमाला सम्पादकोंको कोशके प्रकाशनमें पूर्ण सहयोग दिया। श्री लक्ष्मीचन्द्रजी जैन, हमारे विशेष धन्यवादके पात्र हैं जिन्होंने प्रस्तुत कार्यमें व्यक्तिगत रुचि लेकर विशेष टाइप आदि की व्यवस्था की है। डॉ. गोकुलचन्द्रजी जैनने मुद्रण स्थान पर उपस्थित रहकर हमें विविध प्रकार से सहयोग दिया है। सन्मति मुद्रणालयने इस पेचीदे कार्यको सावधानतापूर्वक मुद्रित कर विशेष कीर्ति अर्जित की है।

महावीर जयन्ती
१९ अप्रैल, १९७०

—होरालाल जैन
—आ. ने. उपाध्ये

प्रास्ताविक

[प्रथम संस्करण से]

लगभग सत्रह वर्षोंसे शास्त्र स्वाध्यायके समय विशिष्ट स्थलोंको निजी स्मृतिके लिए सहज लिख कर रख लेता था। धीरे-धीरे यह संग्रह इतना बढ़ गया, कि विद्वानोंको इसकी सार्वजनीन व महती उपयोगिता प्रतीत होने लगी। उनकी प्रेरणासे तीन वर्षके सतत परिश्रमसे इसे एक व्यवस्थित कोशका रूप दे दिया गया।

शब्दकोश या विश्वकोशकी तुलनामें इसकी प्रकृति कुछ भिन्न होनेके कारण, इसे 'सिद्धान्त कोश' नाम दिया गया है। इसमें जैन तत्त्वज्ञान, आचारशास्त्र, कर्मसिद्धान्त, भूगोल, ऐतिहासिक तथा पौराणिक व्यक्ति, राजे तथा राजवंश, आगम, शास्त्र व शास्त्रकार, धार्मिक तथा दार्शनिक सम्प्रदाय आदिसे सम्बन्धित लगभग ६००० शब्दों तथा २१००० विषयोंका सांगोपांग विवेचन किया गया है। सम्पूर्ण सामग्री संस्कृत, प्राकृत तथा अपभ्रंशमें लिखित प्राचीन जैन साहित्यके सौसे अधिक महत्त्वपूर्ण एवं प्रामाणिक ग्रन्थोंसे मूल सन्दर्भों, उद्धरणों तथा हिन्दी अनुवादके साथ संकलित की गयी है।

शब्द संकलन तथा विषय विवेचन

शब्द संकलन कोश ग्रन्थोंकी शैलीपर अकारादिसे किया गया है तथा मूल शब्दके अन्तर्गत उससे सम्बन्धित विभिन्न विषयोंका विवेचन किया गया है। ऐतिहासिक क्रमसे मूल ग्रन्थोंके सन्दर्भ संकेत देकर विषयको इस रूपमें प्रस्तुत किया गया है कि विभिन्न ग्रन्थोंमें उपलब्ध उस विषयकी सम्पूर्ण सामग्री एक साथ उपलब्ध हो जाये और अनुसन्धाता विद्वानों, स्वाध्याय प्रेमी, मनीषियों, साधारण पाठकों तथा शंका समाधानोंके लिए एक विशिष्ट आकर ग्रन्थका काम दे।

शब्द संकलनमें पंचम वर्ण (ङ्, ञ्, ण्, न्, म्) की जगह अनुस्वार ही रखा गया है और उसे सर्वप्रथम स्थान दिया गया है। जैसे 'अंक' शब्द 'अकंपन' से पहले रखा गया।

विवेचनमें इस बातका ध्यान रखा गया है कि शब्द और विषयकी प्रकृतिके अनुसार, उसके अर्थ, लक्षण, भेद-प्रभेद, विषय विस्तार, शंका-समाधान व समन्वय आदिमें जो जो जितना जितना अपेक्षित हो, वह सब दिया जाये।

जिन विषयोंका विस्तार बहुत अधिक है उनके पूर्व एक विषय सूची दे दी गयी है जिससे विषय सहज ही दृष्टिमें आ जाता है।

संकलनमें निम्नलिखित कुछ और भी बातोंका ध्यान रखा गया है—

१. दो विरोधी विषयोंको प्रायः उनमें-से एक प्रमुख विषयके अन्तर्गत संकलित किया गया है। जैसे हिंसाको अहिंसाके अन्तर्गत और अब्रह्मको ब्रह्मचर्यके अन्तर्गत।

२. समानधर्मा विभिन्न शब्दों और विषयोंका प्रधान नामवाले विषयके अन्तर्गत विवेचन किया गया है जैसे शीलका ब्रह्मचर्यके अन्तर्गत; वानप्रस्थ आश्रम व व्रती गृहस्थका श्रावकके अन्तर्गत।

३. सिद्धान्तकी २० प्ररूपणाओं अर्थात् गुणस्थान, पर्याप्ति, प्राण, जीवसमास, संज्ञा, उपयोग व १४ मार्गणाओंको पृथक्-पृथक् स्व स्व नामोंके अनुसार स्वतन्त्र स्थान दिया गया है। और उन सम्बन्धी सर्व विभिन्न विषयोंमें 'देखो वह वह विषय' ऐसा नोट देकर छोड़ दिया है। इसी प्रकार अन्यत्र भी जानना चाहिए।

४. उपर्युक्त नम्बर ३ की भाँति ही सप्त तत्त्व, नव पदार्थ, षट्द्रव्य, बन्ध, उदय, सत्त्वादि १० करण, सत् संख्यादि ८ अनुयोगद्वार आदिके साथ भी समझना चाहिए, अर्थात् पृथक् पृथक् तत्त्वों व द्रव्यों आदिको पृथक् पृथक् स्वतंत्र विषय ग्रहण करके संकलित किया गया है।

५. १४ मार्गणाओंका सत्, संख्यादि ८ प्ररूपणाओंकी अपेक्षा जो विस्तृत परिचय देनेमें आया है उसका ग्रहण उन उन मार्गणाओंमें न करके सत् सख्यादि आठ अनुयोग द्वारोंके नामोंके अन्तर्गत किया गया है।

६. किसी भी विषयके अपने भेद-प्रभेदोंको भी उसी मूल विषयके अन्तर्गत ग्रहण किया गया है। जैसे उपशमादि सम्यक्दर्शनके भेदोंको 'सम्यग्दर्शनके अन्तर्गत'।

७. कौन मार्गणा व गुणस्थानसे मरकर कौन मार्गणामें उत्पन्न होवे तथा कौन-कौन गुण धारण करनेकी योग्यता रहे, इस नियम व अपवाद सम्बन्धी विषयको 'जन्म' नामके अन्तर्गत ग्रहण किया गया है।

८. जीव समासों, गुणस्थानों, मार्गणा स्थानों, प्राण तथा उपयोगादि २० प्ररूपणाओंके, स्वामित्वको ओघ व आदेशके अनुसार सम्भावना व असम्भावना 'सत्' शीर्षकके अन्तर्गत ग्रहण की गयी है।

९. अन्य अनेकों विषय प्रयोग उस उस स्थानपर दिये गये नोटके द्वारा जाने जा सकते हैं।

सारणियाँ एवं चित्र

विषयके भेद-प्रभेदों, करणानुयोगके विभिन्न विषयों तथा भूगोलसे सम्बन्धित विषयोंको रेखाचित्रों, सारणियों तथा सादे एवं रंगीन चित्रों द्वारा सरलतम रूपमें इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है कि विशालकाय ग्रन्थोंकी बहुमूल्य सामग्री सीमित स्थानमें चित्रांकितकी तरह एक ही दृष्टिमें सामने आ जाती है। मार्गणा स्थान, गुणस्थान, जीवसमास, कर्मप्रकृतियाँ, ओघ और आदेश प्ररूपणाएँ, जीवोंकी अवगाहना, आयु आदिका विवरण, त्रेसठ शलाका पुरुषोंकी जीवनियोंका ब्यौरे-वार विवरण, उत्कर्षण, अपकर्षण, अधःकरण, अपूर्वकरण आदिका सूक्ष्म एवं गूढ़ विवेचन, जैन मान्यतानुसार तीन लोकोंका आकार, स्वर्ग और नरकके पटल, मध्यलोकके द्वीप, समुद्र, पर्वत, नदियाँ आदिको लगभग तीन सौ सारणियों एवं चित्रों द्वारा अत्यन्त सरल एवं सुरुचिपूर्ण ढंगसे प्रस्तुत किया गया है।

मुद्रण प्रस्तुति

अबतक प्रकाशित कोशों या विश्वकोशोंकी अपेक्षा इस कोशकी मुद्रण प्रस्तुति भी किंचित् विशिष्ट है। सब छह प्रकारके टाइपोंका उपयोग इस तरह किया गया है कि मूल शब्द, विषयशीर्षक, उपशीर्षक, अन्तरशीर्षक, अन्तरान्तरशीर्षक तथा सन्दर्भ संकेत, उद्धरण और हिन्दी अर्थ एक ही दृष्टिमें स्वतंत्र रूपमें स्पष्ट ज्ञात हो जाते हैं। सामग्रीका समायोजन भी वर्गीकृत रूपमें इस प्रकार प्रस्तुत है कि टाइपोंका इतना वैभिन्न्य होते हुए भी मुद्रणका सौन्दर्य निखरा है।

कृतज्ञता ज्ञापन

प्रस्तुत कोशकी रचनाका श्रेय वास्तवमें तो उन ऋषियों, आचार्योंको है, जिनके वाक्यांश इसमें संगृहीत हैं। मेरी तो इससे अज्ञता ही प्रकट होती है कि मैं इन्हें स्मृतिमें न सँजो सका इसलिए लिपिबद्ध करके रखा।

शास्त्रोंके अथाह सागरका पूरा दोहन कौन कर सकता है? जो कुछ भी गुरुकृपासे निकल पाया, वह सब स्व-पर उपकारार्थ साहित्य प्रेमियोंके समक्ष प्रस्तुत है। इसमें जो कुछ अच्छा है वह उन्हीं आचार्योंका है। जो त्रुटियाँ हैं, वे मेरी अल्पज्ञताके कारण हैं। 'को न विमुह्यति शास्त्रसमुद्रे।' आशा है विज्ञ जन उन्हें सुधारनेका कष्ट करेंगे।

अत्यधिक धनराशि तथा प्रतिभापूर्ण असाधारण श्रमसापेक्ष इस महान् कृतिका प्रकाशन कोई सरल कार्य न था। प्रसन्नता व उत्साहपूर्वक 'भारतीय ज्ञानपीठ' ने इस भारको सँभालनेकी उदारता दर्शाकर, जैन संस्कृति व साहित्यिक जगत्की जो सेवा की है उसके लिए मानव समाज युग-युग तक इसका ऋणी रहेगा।

—जिनेन्द्र वर्णी

संकेत - सूची

अ.ग.श्रा.../ ..	अमितगति श्रावकाचार अधिकार सं./श्लोक सं., पं. वंशीधर शोलापुर, प्र.सं., वि.सं. १९७९
अन.ध..../.../...	अनगारधर्मामृत अधिकार सं./ श्लोक सं./पृष्ठ सं..पं. खूबचन्द शोलापुर, प्र. सं., ई. १.९.१९२७
आ.अनु....	आत्मानुशासन श्लोक सं.
आ.प..../.../...	आलापपद्धति अधिकार सं /सूत्र सं./पृष्ठ सं , चौरासी मथुरा, प्र. सं., वी. नि. २४५९
आप्त.प .../.../...	आप्तपरीक्षा श्लोक सं./प्रकरण सं./पृष्ठ सं , वीरसेवा मन्दिर सरसावा, प्र. सं., वि. सं. २००६
आप्त.मी. ..	आप्तमीमांसा श्लोक सं.
इ.उ./मू.../...	इष्टोपदेश/मूल या टीका श्लो.सं /पृष्ठ सं.(समाधिशतकके पीछे)पं.आशाधरजीकृत टीका, वीरसेवा मन्दिर दिल्ली
क.पा.../§.../.../...	कषायपाहुड़ पुस्तक सं. भाग सं./§प्रकरणसं /पृष्ठसं./पंक्ति सं., दिगम्बर जैनसंघ, मथुरा,प्र.सं.,वि.सं.२०००
का.अ./मू....	कार्तिकेयानुप्रेक्षा/मूल या टीका गाथा सं., राजचन्द्र ग्रन्थमाला, प्र.सं .ई.१९६०
कुरल.../...	कुरल काव्य परिच्छेद सं./श्लोक सं., पं. गोविन्दराज जैन शास्त्री, प्र.सं., वी.नि.सं. २४८०
क्रि.क.. /.../...	क्रियाकलाप मुख्याधिकार सं.-प्रकरण सं./श्लोक सं./पृष्ठ सं., पन्नालाल सोनी शास्त्री आगरा.वि.सं.१९१३
क्रि.को....	क्रियाकोश श्लोक सं , पं. दौलतराम
क्ष.सा./मू.../...	क्षपणसार/मूल या टीका गाथा सं./पृष्ठ सं., जैन सिद्धान्त प्रकाशिनी संस्था, कलकत्ता
गुण.श्रा....	गुणभद्र श्रावकाचार श्लोक सं.
गो.क./मू.../...	गोम्मटसार कर्मकाण्ड/मूल गाथा सं./पृष्ठ सं. जैन सिद्धान्त प्रकाशिनी संस्था, कलकत्ता
गो.क./जी.प्र.../... ...	गोम्मटसार कर्मकाण्ड/जीव तत्त्व प्रदीपिका टीका गाथा सं./पृष्ठ सं./पंक्ति सं., जैन सिद्धान्त प्रका. संस्था
गो.जी./मू. .../...	गोमट्टसार जीवकाण्ड/मूल गाथा सं./पृष्ठ स ., जनसिद्धान्त प्रकाशिनी संस्था, कलकत्ता
गो.जी./जी.प्र..../.../...	गोमट्टसार जीवकाण्ड/जीव तत्त्वप्रदीपिका टीका गाथा सं./पृष्ठ सं./पंक्ति सं.,जैनसिद्धान्त प्रकाशिनी संस्था
ज्ञा.../.../...	ज्ञानार्णव अधिकार सं./दोहक सं./पृष्ठ सं. राजचन्द्र ग्रन्थमाला, प्र.सं. ई. १९०७
ज्ञा.सा ...	ज्ञानसार श्लोक सं.
चा.पा./मू .../...	चारित्त पाहुड़/मूल या टीका गाथा सं /पृष्ठ सं., माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला, बम्बई, प्र.सं., वि.सं. १९७७
चा.सा .../...	चारित्रसार पृष्ठ सं./पंक्ति सं., महावीर जी, प्र.सं., वी.नि. २४८८
ज.प..../...	जंबूदीवपण्णत्तिसंगहो अधिकार स./गाथा सं., जैन संस्कृति संरक्षण संघ, शोलापुर, वि.सं.२०१४
जै.सा.../...	जैन साहित्य इतिहास खण्ड सं./पृष्ठ सं., गणेशप्रसाद वर्णी ग्रन्थमाला, वी.नि. २४८१
जै.पी ...	जैन साहित्य इतिहास/पूर्व पीठिका पृष्ठ सं. गणेशप्रसाद वर्णी ग्रन्थमाला, वी.नि. २४८१
त.अनु....	तत्त्वानुशासन श्लोक सं., नागसेन सूरिकृत, वीर सेवा मन्दिर देहली, प्र.सं., ई. १९६३
त.वृ..../.../.../...	तत्त्वार्थवृत्ति अध्याय सं./सूत्र सं./पृष्ठ सं /पंक्ति सं., भारतीय ज्ञानपीठ, बनारस, प्र.सं. ई. १९४९
त.सा.../.../...	तत्त्वार्थसार अधिकार सं./श्लोक सं./पृष्ठ सं.,जैनसिद्धान्त प्रकाशिनी संस्था कलकत्ता, प्र.सं..ई.स.१९२९
त.सू..../...	तत्त्वार्थसूत्र अध्याय सं./सूत्र सं.
ति.प..../...	तिलोयपण्णत्ति अधिकार सं./गाथा सं., जीवराज ग्रन्थमाला, शोलापुर, प्र.सं. वि.सं. १९९९
ती....	तीर्थंकर महावीर और उनकी आचार्य परम्परा, पृष्ठ स. दि. जैन विद्वद्परिषद्, सागर, ई. १९७४
त्रि.सा....	त्रिलोकसार गाथा सं., जैन साहित्य बम्बई, प्र. सं., १९१८
द.पा./मू..../...	दर्शनपाहुड़/मूल या टीका गाथा सं./पृष्ठ सं., माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला, बम्बई, प्र.स., वि.सं. १९७७
द.सा....	दर्शनसार गाथा सं., नाथूराम प्रेमी, बम्बई, प्र.सं., वि. १९७४
द्र.सं./मू..../...	द्रव्यसंग्रह/मूल या टीका गाथा सं./पृष्ठ सं., देहली, प्र.सं ई. १९५३
ध.प ...	धर्म परीक्षा श्लोक सं.
ध.../।।।/.../...	धवला पुस्तक सं /खण्ड सं , भाग, सूत्र/पृष्ठ सं./पंक्ति या गाथा सं., अमरावती, प्र. सं.
न च.वृ....	नयचक्र बृहद्द गाथा सं. श्रीदेसेवनाचार्यकृत, माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला, बम्बई प्र. सं., वि. सं. १९७७
न.च./श्रुत.../...	नयचक्र/श्रुत भवन दीपक अधिकार सं /पृष्ठ सं., सिद्ध सागर, शोलापुर
नि.सा./मू....	नियमसार/मूल या टीका गाथा सं,
नि.सा /ता.वृ..../क...	नियमसार/तात्पर्य वृत्ति गाथा सं./कलश सं,
न्या.दी..../§.../.../...	न्यायदीपिका अधिकार सं./§प्रकरण सं /पृष्ठ सं./पंक्ति सं. वीरसेवा मन्दिर देहली. प्र.सं. वि.सं २००२
न्या.बि./मू....	न्यायबिन्दु/मूल या टीका श्लोक सं., चौखम्बा संस्कृत सीरीज, बनारस
न्या.वि./मू.../.../.../...	न्यायविनिश्चय/मूल या टीका अधिकार सं./श्लोक सं./पृष्ठ सं./पंक्ति सं., ज्ञानपीठ बनारस
न्या.सू./मू.../.../ . /...	न्यायदर्शन सूत्र/मूल या टीका अध्याय सं./आह्निक/सूत्र सं./पृष्ठ सं. मुजफ्फरनगर, द्वि. सं., ई. १९३४
पं का./मू..../...	पंचास्तिकाय/मूल या टीका गाथा सं./पृष्ठ सं., परमश्रुत प्रभावक मण्डल, बम्बई, प्र.सं., वि. १९७२
पं.ध./पू. ..	पंचाध्यायी/पूर्वार्ध श्लोक सं. पं. देवकीनन्दन. प्र. सं., ई. १९३२
पं.ध./उ....	पंचाध्यायी/उत्तरार्ध श्लोक सं., पं. देवकीनन्दन, प्र.सं. ई १९३२
पं.वि..../...	पद्मनन्दि पंचविंशतिका अधिकार सं /श्लोक सं. जीवराज ग्रन्थमाला, शोलापुर, प्र.सं., ई १९३२
पं.सं./प्रा..../...	पंचसंग्रह/प्राकृत अधिकार सं /गाथा सं., ज्ञानपीठ , बनारस प्र. सं, ई, १९६०
पं.सं./सं.../...	पंचसंग्रह/संस्कृत अधिकार सं./श्लोक सं , पं. सं./प्रा. की टिप्पणी, प्र. सं., ई. १९६०

प.पु.···/···	पद्मपुराण सर्ग/श्लोक सं., भारतीय ज्ञानपीठ बनारस, प्र.सं., वि.सं. २०१६
प.मु.···/···/···	परीक्षामुख परिच्छेद सं./सूत्र सं./पृष्ठ सं., स्याद्वाद महाविद्यालय, काशी, प्र. सं.
प.प्र./मू.···/···/···	परमात्मप्रकाश/मूल या टीका अधिकार सं./गाथा सं./पृष्ठ सं., राजचन्द्र ग्रन्थमाला, द्वि.सं., वि.सं. २०१७
पा.पु.···/···	पाण्डवपुराण सर्ग सं./श्लोक सं., जीवराज ग्रन्थमाला, शोलापुर, प्र.सं., ई. १९६२
पु.सि ··	पुरुषार्थ सिद्ध्युपाय श्लोक सं.
प्र सा./मू.···/···	प्रवचनसार/मूल या टीका गाथा सं./पृष्ठ सं.
प्रति.सा.···/···	प्रतिष्ठासारोद्धार अध्याय सं./श्लोक सं.
बा.अ.···	बारस अणुवेक्खा गाथा सं.
बो.पा./मू.···/···	बोधपाहुड़/मूल या टीका गाथा सं./पृष्ठ सं. माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला, बम्बई, प्र. सं., वि. सं. १९७७
बृ. जै. श ···	बृहत् जैन शब्दार्णव/द्वितीय खंड/पृष्ठ सं., मूलचंद किशनदास कापड़िया, सूरत, प्र. सं.,वी.नि. २४६०
भ आ./मू. ··/ /···	भगवती आराधना/मूल या टीका गाथा सं./पृष्ठ सं./पंक्ति सं., सखाराम दोशी, सोलापुर, प्र.सं., ई. १९३५
भा.पा./मू.···/···	भाव पाहुड़/मूल या टीका गाथा सं./पृष्ठ सं., माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला, बम्बई, प्र.सं., वि सं. १९७७
म.पु.···/···	महापुराण सर्ग सं./श्लोक सं., भारतीय ज्ञानपीठ, बनारस, प्र. सं., ई. १९५१
म.बं.···/§···/···	महाबन्ध पुस्तक सं./§ प्रकरण सं./पृष्ठ सं., भारतीय ज्ञानपीठ, बनारस, प्र.सं., ई. १९५१
मूला.···	मूलाचार गाथा सं., अनन्तकीर्ति ग्रन्थमाला, प्र. सं., वि. सं. १९७६
मो.पं.···	मोक्ष पंचाशिका श्लोक सं.
मो.पा /मू.···/···	मोक्ष पाहुड़/मूल या टीका गाथा सं./पृष्ठ सं., माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला, बम्बई, प्र. सं., वि. सं. १९७७
मो.मा.प्र.···/···/···	मोक्षमार्गप्रकाशक अधिकार सं./पृष्ठ सं./पंक्ति सं., सस्ती ग्रन्थमाला, देहली, द्वि.सं., वि. सं. २०१०
यु.अनु.···	युक्त्यनुशासन श्लोक सं., वीरसेवा मन्दिर, सरसावा, प्र. सं., ई. १९५१
यो.सा.अ.···/···	योगसार अमितगति अधिकार सं /श्लोक सं., जैनसिद्धान्त प्रकाशिनी संस्था, कलकत्ता, ई.सं. १९१८
यो.सा.यो.···	योगसार योगेन्दुदेव गाथा सं., परमात्मप्रकाशके पीछे छपा
र.क.श्रा.···	रत्नकरण्ड श्रावकाचार श्लोक सं.
र.सा.···	रयणसार गाथा सं.
रा.वा.···/···/···/···	राजवार्तिक अध्याय सं./सूत्र सं /पृष्ठ सं./पंक्ति सं., भारतीय ज्ञानपीठ, बनारस, प्र.सं., वि.स. २००८
रा.वा.हि.···/···/···	राजवार्तिक हिन्दी अध्याय सं./पृष्ठ सं./पंक्ति सं.
ल.सा./मू.···/···	लब्धिसार/मूल या टीका गाथा सं./पृष्ठ सं., जैन सिद्धान्त प्रकाशिनी संस्था, कलकत्ता, प्र. सं.
ला.सं.···/···/···	लाटी संहिता अधिकार सं /श्लोक सं./पृष्ठ सं.
लिं.पा./मू.···/···	लिंग पाहुड़/मूल या टीका गाथा सं./पृष्ठ सं., माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला, प्र.सं., वि. सं. १९७७
वसु.श्रा.···	वसुनन्दि श्रावकाचार गाथा सं , भारतीय ज्ञानपीठ ,बनारस, प्र. सं., वि. सं. २००७
वै.द.···/···/···/···	वैशेषिक दर्शन/अध्याय स./आह्निक/सूत्र सं./पृष्ठ सं., देहली पुस्तक भण्डार देहली, प्र सं., वि.सं. २०१७
शी.पा./मू ···/···	शील पाहुड़/मूल या टीका गाथा सं./पंक्ति सं., माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला बम्बई, प्र. सं., वि.सं. १९७७
श्लो.वा.···/···/···/···/···	श्लोकवार्तिक पुस्तक सं./अध्याय सं./सूत्र सं./वार्तिक सं./पृष्ठ सं., कुन्थुसागर ग्रन्थमाला शोलापुर, प्र.सं., ई. १९४९-१९५६
ष.खं.···/!!!/···	षट्खण्डागम पुस्तक सं./खण्ड सं., भाग, सूत्र/पृष्ठ सं.
स भं.त.···/···	सप्तभङ्गीतरङ्गिनी पृष्ठ सं./पंक्ति सं., परम श्रुत प्रभावक मण्डल, द्वि.सं., वि.सं. १९७२
स.म.···/···/···	स्याद्वादमञ्जरी श्लोक सं./पृष्ठ सं./पंक्ति सं., परम श्रुत प्रभावक मण्डल, प्र. सं. १९३१
स.श./मू.···/···	समाधिशतक/मूल या टीका श्लोक सं./पृष्ठ सं., इष्टोपदेश युक्त, वीर सेवा मन्दिर, देहली, प्र.सं., २०२१
स.सा./मू.···/···/···	समयसार/मूल या टीका गाथा सं./पृष्ठ सं./पंक्ति सं., अहिंसा मन्दिर प्रकाशन, देहली, प्र.सं,३१.१२.१९५८
स.सा./आ.../क	समयसार/आत्मख्याति गाथा सं./कलश स.
स.सि.···/···/···	सर्वार्थसिद्धि अध्याय सं./सूत्र सं./पृष्ठ सं., भारतीय ज्ञानपीठ, बनारस, प्र.सं. ई. १९५५
स. स्तो···	स्वयम्भू स्तोत्र श्लोक सं , वीरसेवा मन्दिर सरसावा, प्र. सं., ई. १९५१
सा.ध.···/···	सागार धर्मामृत अधिकार सं./श्लोक सं.
सा.पा.,···	सामायिक पाठ अमितगति श्लोक सं.
सि.सा.सं.···/···	सिद्धान्तसार संग्रह अध्याय सं./श्लोक सं., जीवराज जैन ग्रन्थमाला, शोलापुर, प्र. सं. ई. १९५७
सि.वि./मू.···/···/···/···	सिद्धि विनिश्चय/मूल या टीका प्रस्ताव सं./श्लोक सं./पृष्ठ सं./पंक्ति सं ,भारतीय ज्ञानपीठ, प्र.सं.ई.१९५१
सु.र.सं.···	सुभाषित रत्न सन्दोह श्लोक सं. (अमितगति), जैन प्रकाशिनी संस्था, कलकत्ता, प्र.सं.. ई. १९१७
सू.पा./मू.···/···	सूत्र पाहुड़/मूल या टीका गाथा सं./पृष्ठ सं., माणिकचन्द्र ग्रन्थमाला बम्बई, प्र.सं , वि.सं. १९७७
ह.पु.···/···	हरिवंश पुराण सर्ग/श्लोक/सं., भारतीय ज्ञानपीठ, बनारस, प्र.सं.

नोट : भिन्न-भिन्न कोष्ठकों व रेखा चित्रोंमें प्रयुक्त संकेतोंके अर्थ उसी-उस स्थल पर ही दिये गये हैं।

जैनेन्द्र सिद्धान्त कोश

(क्षु० जिनेन्द्र वर्णी)

व्यापिनीं सर्वलोकेषु सर्वतत्त्वप्रकाशिनीम् ।
अनेकान्तनयोपेतां पक्षपातविनाशिनीम् ॥ १ ॥
अज्ञानतमसंहर्त्रीं मोह-शोकनिवारिणीम् ।
देह्यद्वैतप्रभां मह्यं विमलाभां सरस्वति ! ॥ २ ॥

[अं]

अंक—१. (ध.५/प्र.२७) Number । २. सौधर्म स्वर्ग का १७वाँ पटल व इन्द्रक—दे.स्वर्ग ५/३ । ३. रुचक पर्वतस्थ एक कूट—दे.लोक ५/१३। ४. मानुषोत्तर व कुण्डल पर्वतस्थ कूट—दे. लोक ५/१०,१२ ।

अंकगणना—(ध. ५/प्र./२७) Numeration ।

अंकगणित—(ध. ५/प्र./२७) Arithematic ।

अंकप्रभ—कुण्डलपर्वतस्थ कूट—दे. लोक ५/१२ ।

अंकमय—पद्मह्रदस्थ एक कूट—दे. लोक ५/७ ।

अंकमुख—(ति. प. ४/२५३३) कम चौड़ा ।

अंकलेश्वर—(ध. १/प्र.३२/H. L.) गुजरात देशस्थ भड़ौच जिलेका एक वर्तमान नगर ।

अंकावती—पूर्व विदेहस्थ रम्या क्षेत्रकी मुख्य नगरी—दे. लोक ५/२ ।

अंकुशित—कायोत्सर्गका एक अतिचार—दे. व्युत्सर्ग १ ।

अंग—१. (म. पु. प्र. ४६ / पं. पन्नालाल) मगध देशका पूर्व भाग। प्रधान नगर चम्पा (भागलपुर) है। २. भरत क्षेत्र आर्य खण्डका एक देश—दे. मनुष्य/४ । ३. (प. पु./१०/१२) सुग्रीवका बड़ा पुत्र। ४. (ध. ५/प्र. २७) Element । ५. प. ध./उ./४७८ लक्षणं च गुणश्चाङ्गं शब्दाश्चैकार्थवाचकाः ।—लक्षण, गुण और अंग ये सब एकार्थवाचक शब्द हैं।

★ **अनुमानके पाँच अंग**—दे. अनुमान/३ ।

★ **जल्प के चार अंग**—दे. जल्प ।

★ **सम्यग्दर्शन, ज्ञान व चारित्रके अंग**—दे. वह वह नाम ।

★ **शरीरके अंग**—दे. अंगोपांग ।

अंगज्ञान—१. श्रुतज्ञानका एक विकल्प—दे. श्रुतज्ञान III। २. अष्टांग निमित्तज्ञान—दे. निमित्त/२ ।

अंगद—(प. पु. १०/१२) सुग्रीवका द्वितीय पुत्र ।

अंगपण्णत्ति—भट्टारक शुभचन्द्र (ई. १५१६-१५५६) द्वारा रचित एक ग्रन्थ—दे. शुभचन्द्र नं. ५ ।

अंगार—१. आहार सम्बन्धी एक दोष—दे. आहार II/४/४ । २. वसति सम्बन्धी एक दोष—दे. वसति ।

अंगारक—भरत क्षेत्रका एक देश—दे. मनुष्य ४ ।

अंगारिणी—एक विद्या—दे. विद्या ।

अंगावर्त—विजयार्धकी दक्षिण श्रेणीका एक नगर—दे. विद्याधर ।

अंगुल—क्षेत्र प्रमाणका एक भेद—दे. गणित I/१/३ ।

अंगुलीचालन—कायोत्सर्गका एक अतिचार—दे. व्युत्सर्ग/१ ।

अंगोपांग—स. सि. ८/११/३८६ यदुदयादङ्गोपाङ्गविवेकस्तदङ्गोपाङ्ग-नाम ।—जिसके उदयसे अंगोपांगका भेद होता है वह अंगोपांग नाम कर्म है ।

ध. ६/१,९-१,२८/५४/२ जस्स कम्मक्खंधस्सुदएण सरीरस्संगोवंगणिप्फत्ती होज्ज तस्स कम्मक्खंधस्स सरीरअंगोवंगणाम ।—जिस कर्म स्कन्धके उदयसे शरीरके अंग और उपांगोंकी निष्पत्ति होती है, उस कर्म स्कन्धका शरीरांगोपांग यह नाम है। (ध. १३/५,५,१०१/३६४/४) (गो जी. /जी./प्र. ३३/२६/५)

२. अंगोपांग नामकर्मके भेद

ष. खं. ६/१,९-१/सू. ३५/७२ जं सरीरअंगोवंगणामकम्मं तं तिविहं ओरालियसरीरअंगोवंगणामं वेउव्वियसरीरअंगोवंगणामं, आहार-सरीरअंगोवंगणामं चेदि ॥ ३५ ॥ —अंगोपांग नामकर्म तीन प्रकारका है—औदारिकशरीर अंगोपांग नामकर्म, वैक्रियक शरीर अंगोपांग नामकर्म और आहारकशरीर अंगोपांग नामकर्म। (ष. खं. १३/५,५/सू. १०९/३६९) (पं.सं. प्रा. २/४/४७) (स.सि. ८/११/३८६) (रा. वा. ८/११/४/५७६/१६) (गो. क./जी. प्र. २७/२२); (गो. क./जी. प्र. ३३/२६)

★ **अंगोपांग प्रकृतिकी बन्ध, उदय, सत्त्व प्ररूपणाएँ व तत्सम्बन्धी नियमादि**—दे. वह वह नाम ।

३. शरीरके अंगोपांगोंके नाम निर्देश

पं. सं./प्रा./१/१६ पलयाबाहू य तहा णियंबपुट्ठी उरो य सीसं च। अट्ठेव दु अंगाइं देहण्णाइं उवंगाइं ॥ १० ॥—शरीरमें दो हाथ, दो पैर, नितम्ब (कमरके पीछेका भाग), पीठ, हृदय, और मस्तक ये आठ अंग होते हैं। इनके सिवाय अन्य (नाक, कान, आँख

आदि) उपांग होते हैं। (ध. ६/१,९-१,२८/गा. १०/५४) (गो. जी. मू. २८)

ध.६/१,९-१,२८/५४/७शिरसि तावदुपाङ्गानि मूर्द्ध-करोटि-मस्तक-ललाट-शङ्ख-भ्रू कर्ण-नासिका-नयनाक्षिकूट-हनु-कपोल-उत्तराधरोष्ठ-सृक्वणी-तालु-जिह्वादीनि। =शिरमें मूर्धा, कपाल, मस्तक, ललाट, शंख, भौंह, कान, नाक, आँख, अक्षिकूट, हनु (ठुड्डी), कपोल, ऊपर और नीचेके ओष्ठ, सृक्वणी (चाप), तालु और जीभ आदि उपांग होते हैं।

★ **एकेन्द्रियोंमें अंगोपांग नहीं होते व तत्सम्बन्धी शंका**—दे. उदय ५।

★ **हीनाधिक अंगोपांगवाला व्यक्ति प्रव्रज्याके अयोग्य है**—दे. प्रव्रज्या।

अंजन—१. सानत्कुमार स्वर्गका प्रथम पटल व इन्द्रक—दे. स्वर्ग ५/३। २. पूर्व विदेहस्थ एक वक्षार, उसका कूट व रक्षक देव—दे. लोक ५/३। ३. पूर्व विदेहस्थ वैश्रवण वक्षारका एक कूट व उसका रक्षक देव—दे. लोक ५/४। ४. रुचक पर्वतस्थ एक कूट—दे. लोक/५/१३। ५. मानुषोत्तर पर्वतस्थ एक कूट—दे. लोक ५/१०।

अंजनगिरि—१ नन्दीश्वर द्वीपकी पूर्वादि दिशाओंमें ढोलके आकारके (Cylindrical) चार पर्वत हैं। इनपर चार चैत्यालय हैं। काले रंगके होनेके कारण इनका नाम अंजनगिरि है—दे. लोक ४/५। २. रुचक पर्वतस्थ वर्द्धमान कूटका रक्षक एक दिग्गजेन्द्रदेव—दे. लोक ५/१३।

अंजनमूल—मानुषोत्तर पर्वतस्थ एक कूट—दे. लोक ५/१०।

अंजनमूलक—रुचक पर्वतस्थ एक कूट—दे. लोक ५/१३।

अंजनवर—मध्यलोकके अन्तसे १२वाँ सागर व द्वीप—दे. लोक ५/१।

अंजनशैल—विदेह क्षेत्रस्थ भद्रशाल वनमें एक दिग्गजेन्द्र पर्वत—दे. लोक ५/३।

अंजना—१. (प. पु. १५/१६,११,३०७) महेन्द्रपुरके राजा महेन्द्रकी पुत्री पवनञ्जयसे विवाही तथा हनुमान्‌की जन्ममाता। २. नरककी चौथी पृथिवी, पंकप्रभाका अपर नाम है। —दे. पंकप्रभा। नरक ५/१।

अंजसा—न्या.वि.टी. १/२/८७/१ तत्त्वत इत्यर्थः। =तत्त्व रूपसे।

अंड—स.सि. २/३३/१८९. यन्नखत्वक्सदृशमुपात्तकाठिन्यं शुक्रशोणित-परिवरण परिमण्डलं तदण्डम्। =जो नखकी त्वचाके समान कठिन है, गोल है, और जिसका आवरण शुक्र और शोणितसे बना है उसे अण्ड कहते हैं। (रा. वा. २/३३/२/१४३/३२) (गो. जी./जी. प्र. ८४/२०७)

अंडज जन्म—दे. गर्भ।

अंडर—ध.१४/५,६,९३/८६/५ "तेसिं खंधाणं ववएसहरो तेसिं भवाण-मवयवा वलंजुअकच्छउडपुव्वावरभागसमाणा अंडर णाम।" =जो उन स्कन्धों (मूली, थूअर आदि) के अवयव हैं और जो वलंजुअ-कच्छउडके पूर्वापर भागके समान हैं उन्हें अण्डर कहते हैं। (विशेष दे. वनस्पति ३/७)।

ध.१४/५,६,९४/११२/५ ण च रस-रुहिर-मांससरुवंडराणं खंधावयवाणं तत्तो पुधभावेण अवट्ठाणमत्थि। =स्कन्धोंके अवयव स्वरूप रस, रुधिर तथा मांस रूप अण्डरोंका उससे पृथक् रूप (स्कन्धसे पृथक् रूप) अवस्थान नहीं पाया जाता।

अंतःकरण—द. मन।

अंतःकोटाकोटी—ध.६/१,९-९,३३/१७४/९ अंतोकोड़ाकोड़ीए त्ति उत्ते सागरोवमकोडाकोडिसंखेज्जकोडीहि खंडिदएगखंडं होदि त्ति घेत्तव्वं। =अन्तःकोड़ाकोड़ी ऐसा कहनेपर एक कोड़ाकोड़ी सागरोपमको संख्यात कोटियोंसे खंडित करनेपर जो एक खण्ड होता है, वह अन्तःकोड़ाकोड़ीका अर्थ ग्रहण करना चाहिये।

गो. जी. भाषा ५६०/१००३/९ कोडिके ऊपरि अर कोड़ाकोड़िके नींचे जो होइ ताकौ अंतःकोटाकोटी कहिए।

अंत—रा. वा. २/२२/१/१३४/२९ अयमन्तशब्दोऽनेकार्थः। क्वचिदवयवे, यथा वस्त्रान्तः वसनान्तः। क्वचित्सामीप्ये, यथोदकान्तं गतः उदकसमीपे गत इति। क्वचिदवसाने वर्तते, यथा संसारान्तं गतः संसारावसानं गत इति। =अन्त शब्दके अनेक अर्थ हैं। १. कहीं तो अवयवके अर्थमें प्रयोग होता है—जैसे वस्त्रके अन्त अर्थात् वस्त्रके अवयव। २ कहीं समीपताके अर्थमें प्रयोग होता है—जैसे 'उदकान्तंगतः' अर्थात् जलके समीप पहुँचा हुआ। ३. कहीं समाप्तिके अर्थमें प्रयोग होता है—जैसे 'संसारान्तगत' अर्थात् संसारकी समाप्तिको प्राप्त॥

न्या. दी. ३/७६/११७. अनेके अन्ता धर्माः सामान्यविशेषपर्यायगुणा यस्येति सिद्धोऽनेकान्तः। १. अनेक अन्त अर्थात् धर्म (इस प्रकार अन्त शब्द धर्मवाचक भी है)। २. गणितके अर्थमें भूमि अर्थात् Last term or the last digit in numerical series—दे. गणित II/५/३।

अंतकृत्—ध. ६/१,९-९,२१६/४१०/१ अष्टकर्मणामन्तं विनाशं कुर्वन्तीति अन्तकृतः। अन्तकृतो भूत्वा सिद्ध्यंति सिद्धयन्ति निस्तिष्ठन्ति निष्पद्यन्ते स्वरूपेणेत्यर्थः। बुद्ध्यंते त्रिकालगोचरानन्तार्थव्यञ्जनपरिणामात्मकाशेषवस्तुतत्त्वं बुद्धयन्ति अवगच्छन्तीत्यर्थः। =जो आठ कर्मोंका अन्त अर्थात् विनाश करते हैं वे अन्तकृत् कहलाते हैं। अन्तकृत होकर सिद्ध होते हैं, निष्ठित होते हैं व अपने स्वरूपसे निष्पन्न होते हैं, ऐसा अर्थ जानना चाहिए। 'जानते हैं, अर्थात् त्रिकालगोचर अनन्त अर्थ और व्यञ्जन पर्यायात्मक अशेष वस्तु तत्त्वको जानते व समझते हैं'।

अंतकृत् केवली—ध १/१,१,२/१०२/२ संसारस्यान्तः कृतो यैस्तेऽन्तकृतः (केवलिनः)। =जिन्होंने संसारका अन्त कर दिया है उन्हें अन्तकृत केवली कहते हैं।

२. महावीरके तीर्थके दस अन्तकृत् केवलियोंका निर्देश

ध. १/१, १, २/१०३/२ नमि-मतङ्ग सोमिल-रामपुत्र-सुदर्शन-यमलीक-वलीक-किष्किंबिल-पालम्बाष्टपुत्रा इति एते दश वर्द्धमानतीर्थकर-तीर्थे···दारुणानुपसर्गान्निर्जित्य कृत्स्नकर्मक्षयादन्तकृतो···। =वर्धमान तीर्थंकरके तीर्थमें नमि, मतंग, सोमिल, रामपुत्र, सुदर्शन, यमलीक, वलीक, किष्किंबिल, पालम्ब, अष्टपुत्र ये दश···दारुण उपसर्गोंको जीतकर सम्पूर्ण कर्मोंके क्षयसे अन्तकृत केवली हुए।

अंतकृद्दशांग—द्रव्यश्रुतज्ञानका आठवाँ अंग—दे. श्रुतज्ञान III।

अंतड़ी—१. औदारिक शरीरमें अन्तड़ियोंका प्रमाण—दे. औदारिक १/७। २. इनमें षट्काल कृत हानि वृद्धि—दे. काल/४।

अंतरंग—★ **अंतरंग परिग्रह आदि**—दे. वह वह विषय।

अंतर—कोई एक कार्य विशेष हो चुकनेपर जितने काल पश्चात् उसका पुनः होना सम्भव हो उसे अन्तर काल कहते हैं। जीवोंकी गुणस्थान प्राप्ति अथवा किन्हीं स्थान विशेषोंमें उसका जन्म-मरण अथवा कर्मोंके बन्ध उदय आदि सर्व प्रकरणोंमें इस अन्तर कालका विचार करना ज्ञानकी विशदताके लिए आवश्यक है। इसी विषयका कथन इस अधिकारमें किया गया है।

	पृष्ठ
१. अन्तर निर्देश—	
१. अन्तर प्ररूपणा सामान्यका लक्षण	३
२. अन्तरके भेद	३
३. निक्षेप रूप अन्तरके लक्षण	३
४. स्थानान्तरका लक्षण	३
२. अन्तर प्ररूपणासम्बन्धी कुछ नियम—	४
१. अन्तरप्ररूपणा सम्बन्धी सामान्य नियम	४
२. योग मार्गणामें अन्तर सम्बन्धी नियम	४
३. द्वितीयोपशम सम्यक्त्वमें अन्तर सम्बन्धी नियम	४
४. सासादन सम्यक्त्वमें अन्तर सम्बन्धी नियम	४
५. सम्यग्मिथ्यादृष्टिमें अन्तर सम्बन्धी नियम	४
६. प्रथमोपशम सम्यग्दर्शनमें अन्तर सम्बन्धी नियम	४
३. सारणीमें दिया गया अन्तर काल निकालना—	५
१. गुणस्थान परिवर्तन-द्वारा-अन्तर निकालना	५
२. गति परिवतन-द्वारा अन्तर निकालना	५
३. निरन्तर काल निकालना	५
४. २ × ६६ सागर अन्तर निकालना	५
५. एक समय अन्तर निकालना	६
६. पल्य/असं. अन्तर निकालना	६
★ काल व अन्तरमे अन्तर	दे. काल/६
७. अनन्तकाल अन्तर निकालना	६
४. अन्तर विषयक प्ररूपणाएँ—	६
१. नरक व देवगतिमें उपपाद विषयक अन्तर प्ररूपणा	६
२. सारणीमें प्रयुक्त संकेतोंकी सूची	६
३. अन्तर विषयक ओघ प्ररूपणा	७
४. आदेश प्ररूपणा	८
५. कर्मोंके बन्ध, उदय, सत्त्व विषयक अन्तर प्ररूपणा	२३
६. अन्य विषयों सम्बन्धी ओघ आदेश प्ररूपणाएँ	२५
★ काल व अन्तरानुयोगद्वारमें अन्तर	दे. काल/५

१. अन्तर निर्देश

१. अन्तर प्ररूपणा सामान्यका लक्षण—

स.सि./१/८/२९ अन्तरं विरहकालः। =विरह कालको अन्तर कहते हैं। (अर्थात् जितने काल तक अवस्था विशेषसे जुदा होकर पुनः उसकी प्राप्ति नहीं होती उस कालको अन्तर कहते हैं।) (ध. १/१,१,८/१०३/१५६) (गो. जी./जी.प्र./५५३/६८२)

रा. वा. १/८/७/४२/५ अन्तरशब्दस्यानेकार्थवृत्तेः छिद्रमध्यविरहेष्वन्यतमग्रहणम्। ७। [अन्तरशब्दः] बहुष्वर्थेषु दृष्टप्रयोगः। क्वचिच्छिद्रे वर्तते सान्तरं काष्ठम्, सच्छिद्रम् इति। क्वचिदन्यत्वे 'द्रव्याणि द्रव्यान्तरमारभन्ते' [वैशे. सू. १/१/१०] इति। क्वचिन्मध्ये हिमवत्सागरान्तर इति। क्वचित्सामीप्ये 'स्फटिकस्य शुक्लरक्तान्तरस्थस्य तद्वर्णता' इति 'शुक्लरक्तसमीपस्थस्य' इति गम्यते। क्वचिद्विशेषे—"वाजिवारणलोहानां काष्ठपाषाणवाससाम्। नारीपुरुषतोयानामन्तरं महदन्तरम्॥" [गरुड़पु. ११०/१५] इति महान् विशेष इत्यर्थः। क्वचिद्बहिर्योगे 'ग्रामस्यान्तरे कूपाः' इति। क्वचिदुपसंख्याने—अन्तरे शाटका इति। क्वचिद्विरहे अनभिप्रेतश्रोतृजनान्तरे मन्त्रं मन्त्रयते, तद्विरहे मन्त्रयत इत्यर्थः। =अन्तर शब्दके अनेक अर्थ हैं। १. यथा 'सान्तर काष्ठ'में छिद्र अर्थ है। २. कहीं पर अन्य अर्थके रूपमें वर्तता है। ३. 'हिमवत्सागरान्तरे'में अन्तर शब्दका अर्थ मध्य है। ४. 'शुक्लरक्तताद्यन्तरस्थस्य स्फटिकस्य—सफेद और लाल रंगके समीप रखा हुआ स्फटिक। यहाँ अन्तरका समीप अर्थ है। ५. कहींपर विशेषता अर्थमें भी प्रयुक्त होता है जैसे—घोड़ा, हाथी और लोहेमें, लकड़ी, पत्थर और कपड़ेमें, स्त्री, पुरुष और जलमें अन्तर ही नहीं, महान् अन्तर है। यहाँ अन्तर शब्द वैशिष्ट्यवाचक है। ६. ग्रामस्यान्तर कूपाः'में बाह्यार्थक अन्तर शब्द है अर्थात् गाँवके बाहर कुआँ है। ७. कहीं उपसंख्यान अर्थात् अन्तर्वस्त्रके अर्थमें अन्तर शब्दका प्रयोग होता है यथा 'अन्तरे शाटकाः'। ८. कहीं विरह अर्थमें जैसे 'अनभिप्रेतश्रोतृजनान्तरे मन्त्रयते'—अनिष्ट व्यक्तियोंके विरहमें मन्त्रणा करता है।

रा.वा. १/८/८/४२/१४ अनुपहतवीर्यस्य द्रव्यस्य निमित्तवशात् कस्यचिद् पर्यायस्य न्यग्भावे सति पुनर्निमित्तान्तरात् तस्यैवाविर्भावदर्शनात् तदन्तरमित्युच्यते। =किसी समर्थ द्रव्यकी किसी निमित्तसे अमुक पर्यायका अभाव होनेपर निमित्तान्तरसे जब तक वह पर्याय पुनः प्रकट नहीं होती, तबतकके कालको अन्तर कहते हैं।

गो. जी./जी. प्र. १४३/३५७ लोके नानाजीवापेक्षया विवक्षितगुणस्थानं मार्गणास्थानं वा त्यक्त्वा गुणान्तरे मार्गणास्थानान्तरे वा गत्वा पुनर्यावत्तद्विवक्षितगुणस्थानं मार्गणास्थानं वा नायाति तावान् कालः अन्तरं नाम। =नाना जीवनिकी अपेक्षा विवक्षित गुणस्थान वा मार्गणास्थान नै छोडि अन्य कोई गुणस्थान वा मार्गणास्थानमें प्राप्त होई बहुरि उस ही विवक्षित स्थान वा मार्गणास्थान कौ यावत् काल प्राप्त न होई तिस कालका नाम अन्तर है।

२. अन्तरके भेद—ध. ५/१,६,१/पृ./प.



३. निक्षेप रूप अन्तरके लक्षण—दे. निक्षेप।

ध. ५/१,६,१/पृ ३/४ खेत्तकालंतराणि दव्वंतरे पविट्ठाणि, छद्दव्वविरित्तखेत्तकालाणमभावा। =क्षेत्रान्तर और कालान्तर, ये दोनों ही द्रव्यान्तरमें प्रविष्ट हो जाते हैं, क्योंकि छः द्रव्योंसे व्यतिरिक्त क्षेत्र और कालका अभाव है।

४. स्थानान्तरका लक्षण

ध. १२/४,२,७,२०१/११४/६ हेट्ठिमट्ठाणमुवरिमट्ठाणम्हि सोहियरूवूणे कदे जं लद्धं तं ट्ठाणंतरं णाम। =उपरिम स्थानोंमें अधस्तन स्थानको घटाकर एक कम करनेपर जो प्राप्त हो वह स्थानोंका अन्तर कहा जाता है।

२. अन्तर प्ररूपणा सम्बन्धी कुछ नियम—

१. अन्तर प्ररूपणा सम्बन्धी सामान्य नियम

ध.५/१,६,१०४/६६/२ जीए मग्गणाए बहुगुणट्ठाणाणि अत्थि तीए तं मग्गणछंडिय अण्णगुणेहि अंतराविह अंतरपरूवणा कादव्वा। जीए पुण्णमग्गणाए एक्कं चेव गुणट्ठाण तत्थ अण्णमग्गणाए अंतराविय अंतरपरूवणा कादव्वा इदि एसो सुत्ताभिप्पाओ। =जिस मार्गणामें बहुत गुणस्थान होते हैं, उस मार्गणाको नहीं छोड़कर अन्य गुणस्थानोंसे अन्तर कराके अन्तर प्ररूपणा करनी चाहिए। परन्तु जिस मार्गणामें एक ही गुणस्थान होता है, वहाँपर अन्य मार्गणामें अन्तर करा करके अन्तर प्ररूपणा करनी चाहिए। इस प्रकार यहाँपर यह सूत्रका अभिप्राय है।

२. योग मार्गणामें अन्तर सम्बन्धी नियम

ध.५/१,६,१५३/८७/६ कधमेगजीवमासेज्ज अंतराभावो। ण ताव जोगंतरगमणेणंतरं संभवदि, मग्गणाए विणासापत्तीदो। ण च अण्णगुणगमणेण अंतर संभवदि, गुणंतरं गदस्स जीवस्स जोगंतरगमणेण विणा पुणो आगमणाभावादो। =प्रश्न एक जीवकी अपेक्षा अन्तरका अभाव कैसे कहा? उत्तर—सूत्रोक्त गुणस्थानोंमें न तो अन्य योगमें गमन-द्वारा अन्तर सम्भव है, क्योंकि, ऐसा माननेपर विवक्षित मार्गणाके विनाशकी आपत्ति आती है। और न अन्य गुणस्थानमें जानेसे भी अन्तर सम्भव है, क्योंकि दूसरे गुणस्थानको गये हुए जीवके अन्य योगको प्राप्त हुए बिना पुनः आगमनका अभाव है।

३. द्वितीयोपशम सम्यक्त्वमें अन्तर सम्बन्धी नियम

ध.५/१,६,३७५/१७०/२ हेट्ठा ओइण्णस्स वेदगसम्मत्तमपडिवज्जिय पुव्वुवसमसम्मत्तेणुवसमसेढी समारूहणे संभवाभावादो। =उपशम श्रेणीसे नीचे उतरे हुए जीवके वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त हुए बिना पहलेवाले उपशम सम्यक्त्वके द्वारा पुनः उपशम श्रेणीपर समारोहणकी सम्भावनाका अभाव है।

४. सासादन सम्यक्त्वमें अन्तर सम्बन्धी नियम

ध. ७/२,३,१३६/२३३/११ उवसमसेढीदो ओदिण्ण उवसमसम्माइट्ठी दोवारमेक्को ण सासणगुणं पडिवज्जदि त्ति। =उपशम श्रेणीसे उतरा हुआ उपशम सम्यग्दृष्टि एक जीव दोबार सासादन गुणस्थानको प्राप्त नहीं होता।

५. सम्यग्मिथ्यादृष्टिमें अन्तर सम्बन्धी नियम

ध.५/१,६,३६/३१/२ जो जीवो सम्मादिट्ठी होदूण आउअं बंधिय सम्मामिच्छत्तं पडिवज्जदि, सो सम्मत्तेणेव णिप्फिददि। अह मिच्छादिट्ठी होदूण आउअं बंधिय जो सम्मामिच्छत्तं पडिवज्जदि, सो मिच्छत्तेणेव णिप्फिददि। =जो जीव सम्यग्दृष्टि होकर और आयुको बाँधकर सम्यग्मिथ्यात्वको प्राप्त होता है, वह सम्यक्त्वके साथ ही उस गतिसे निकलता है। अथवा जो मिथ्यादृष्टि होकर और आयुको बाँधकर सम्यग्मिथ्यात्वको प्राप्त होता है, वह मिथ्यात्वके साथ ही निकलता है।

६. प्रथमोपशम सम्यग्दर्शनमें अन्तर सम्बन्धी नियम

ष. ख ७/२,३/सू. १३६/२३३. जहण्णेण पलिदोवमस्स असंखेज्जदि भागो।

ध. १०/४,२,३,३/१६/१ अप्पिदपज्जायभावाभावलक्खण-उप्पादविणासवदिरित्तअवट्ठाणाणुवलंभादो। ण च पढमसमए उप्पण्णस्स बिदियादिसमएसु अवट्ठाणं, तत्थ पढमबिदियादिसमयकप्पणाए कारणाभावादो। ण च उप्पादो चेव अवट्ठाणं, विरोहादो उप्पाहलक्खणभाववदिरित्तअवट्ठाणलक्खणाणुवलंभादो च। तदो अवट्ठाणाभावादो उप्पादविणासलक्खण दव्वमिदि सिद्धं। =(ऋजुसूत्र नयसे) विवक्षित पर्यायका सद्भाव ही उत्पाद है और विवक्षित पर्यायका अभाव ही व्यय है। इसके सिवा अवस्थान स्वतन्त्र रूपसे नहीं पाया जाता यदि कहा जाय कि प्रथम समयमें पर्याय उत्पन्न होती है और द्वितीयादि समयोंमें उसका अवस्थान होता है, सो यह बात भी नहीं बनती, क्योंकि उस (नय) में प्रथम द्वितीयादि समयोंकी कल्पनाका कोई कारण नहीं है। यदि कहा जाय कि उत्पाद ही अवस्थान है सो भी बात नहीं है, क्योंकि, एक तो ऐसा माननेमें विरोध आता है, दूसरे उत्पादस्वरूप भावको छोड़कर अवस्थानका और कोई लक्षण (इस नयमें) पाया नहीं जाता। इस कारण अवस्थानका अभाव होनेसे उत्पाद व विनाश स्वरूप द्रव्य है, यह सिद्ध हुआ।

स.म २१/२६५/१५ ननूत्पादादय परस्पर भिद्यन्ते न वा। यदि भिद्यन्ते कथमेक वस्तुत्रयात्मकम्। न भिद्यन्ते चेत् तथापि कथमेक त्रयात्मकम्। उत्पादविनाशध्रौव्याणि स्याद्वि भिन्नानि, भिन्नलक्षणत्वात् रूपादिवदिति। नच भिन्नलक्षणत्वमसिद्धम्। न चामी भिन्नलक्षणा अपि परस्परानपेक्षा खपुष्पवदसत्त्वापत्ते। तथाहि। उत्पाद केवलो नास्ति। स्थितिविगमरहितत्वात् कूर्मरोमवत्। तथा विनाश केवलो नास्ति स्थित्युत्पत्तिरहितत्वात् तद्वत्। एवं स्थिति केवला नास्ति विनाशोत्पादशून्यत्वात् तद्वदेव। इत्यन्योन्यापेक्षाणामुत्पादादीना वस्तुनि सत्त्व प्रतिपत्तव्यम्। तथा चोक्तम्—"घटमौलिसुवर्णार्थी नाशोत्पादस्थितिष्वयम्। शोकप्रमोदमाध्यस्थं जनो याति सहेतुकम्।१। पयोव्रतो न दध्यत्ति न पयोऽत्ति दधिव्रत। अगोरसव्रतो नोभे तस्माद् वस्तुत्रयात्मकम्।२। =प्रश्न—उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य परस्पर भिन्न है या अभिन्न। यदि उत्पादादि परस्पर भिन्न है तो वस्तुका स्वरूप उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यरूप नहीं कहा जा सकता। यदि वे परस्पर अभिन्न है तो उत्पादादिमें से किसी एकको ही स्वीकार करना चाहिए। उत्तर—यह ठीक नही है क्योंकि हम लोग उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यमे कथंचित् भेद मानते है अतएव उत्पाद व्यय और ध्रौव्यका लक्षण भिन्न-भिन्न है, इसलिए रूपादिकी तरह उत्पाद व्यय ध्रौव्यभी कथंचित् भिन्न है। उत्पाद आदिका भिन्न लक्षणपना असिद्ध भी नही है। उत्पाद आदि परस्पर भिन्न होकर भी एक दूसरे सेनिरपेक्ष नही है क्योंकि, ऐसा माननेसे उनका आकाशपुष्पकी तरह अभाव मानना पडेगा। अतएव जैसे कछुवेकी पीठपर बालोके नाश और स्थितिके बिना, बालोका केवल उत्पाद होना सम्भव नही है, उसी तरह व्यय और ध्रौव्यसे रहित केवल उत्पादका होना नहीं बन सकता। इसी प्रकार उत्पाद और ध्रौव्यसे रहित केवल व्यय, तथा उत्पाद और नाशसे रहित केवल स्थिति भी संभव नहीं है। अतएव एक दूसरेकी अपेक्षा रखनेवाले उत्पाद, व्यय और ध्रौव्यरूप वस्तुका लक्षण स्वीकार करना चाहिए। समन्तभद्राचार्यने कहा भी है—(आप्त मी ५९ ६०)। "घडे, मुकुट और सोनेके चाहने वाले पुरुष (सोनेके) घडेके नाश, मुकुटके उत्पाद और सोनेकी स्थिति में क्रमसे शोक, हर्ष और माध्यस्थ भाव रखते है। दूधका व्रत लेने वाला पुरुष दही नहीं खाता, दहीका नियम लेनेवाला पुरुष दूध नही पीता और गोरसका व्रत लेनेवाला पुरुष दूध और दही दोनो नहीं खाता। इसलिए प्रत्येक वस्तु उत्पाद व्यय और ध्रौव्यरूप है। (प्र. सा /त प्र १००)

श्या. दी ३/§७१/१२३/५ तस्माज्जीवद्रव्यरूपेणाभेदो मनुष्यदेवपर्यायरूपेण भेद इति प्रतिनियतनयविस्तारविरोधौ भेदाभेदौ प्रामाणिकावेव। =जीवद्रव्यकी अपेक्षासे अभेद है और मनुष्य तथा देव पर्यायो की अपेक्षासे भेद है। इस प्रकार भिन्न-भिन्न नयोकी दृष्टिसे भेद और अभेदके माननेमे कोई विरोध नही है दोनो प्रामाणिक है।

पं. ध /पू २१७ अगमर्थो यदि भेद स्यादुन्मज्जति तदा हि तत् त्रितयम् अपि तत्त्रितय निमज्जति यदा निमज्जति स मूलतो भेद ।२१७। = सारांश यह है कि जिस समय भेद विवक्षित होता है उस समय निश्चयसे वे उत्पादादिक तीनो प्रतीत होने लगते है, और जिस समय वह भेद मूलसे ही विवक्षित नही किया जाता उस समय वे तीनो भी प्रतीत नहीं होते है।

६. उत्पादादिक में समय भेद नहीं है

आप्त मी ५९ घटमौलिसुवर्णार्थी नाशोत्पादस्थितिष्वयम्। शोकप्रमोदमाध्यस्थ्य जनो याति सहेतुकम् ।५९। =स्वर्ण कलश, स्वर्ण माला तथा स्वर्ण इनके अर्थी पुरुष घटक तोड माला करनेमें युगपत शोक, प्रमोद व माध्यस्थताको प्राप्त होते है। सो यह सब सहेतुक है। क्योंकि घट के नाश तथा मालाके उत्पाद व स्वर्णकी स्थिति इन तीनो बातोका एक ही काल है।

ध. ४/१,५,४/३३५/६ सम्मत्तग्गहिदपढमसमए णट्ठो मिच्छत्तपज्जाओ। कधमुप्पत्तिविणासाणमेक्को समओ। ण एक्कम्हि समए पिंडागारेण विणट्ठवडाकारेणुप्पण्णमिट्टियदव्वस्सुवलंभा। =सम्यक्त्व ग्रहण करने के प्रथम समयमे ही मिथ्यात्व पर्याय विनष्ट हो जाती है। प्रश्न—सम्यक्त्वकी उत्पत्ति और मिथ्यात्वका नाश इन दोनो विभिन्न कार्योका एक समय कैसे हो सकता है? उत्तर—नही क्योकि, जैसे एक ही समयमें पिण्डरूप आकारसे विनष्ट हुआ घटरूप आकारसे उत्पन्न हुआ मृत्तिका रूप द्रव्य पाया जाता है।

प्र सा /त प्र १०२ यो हि नाम वस्तुनो जन्मक्षण स जन्मनैव व्याप्तत्वात् स्थितिक्षणो नाशक्षणश्च न भवति। यश्च स्थितिक्षण स खलूभयोरन्तरालदुर्ललितत्वाज्जन्मक्षणो नाशक्षणश्च न भवति। यश्च नाशक्षण स तूत्पद्यवस्थाय च नश्यतो जन्मक्षण स्थितिक्षणश्च न भवति। इत्युपपादादीना वितर्क्यमाण क्षणभेदोहृदयभूमिमवतरति। अवतरत्येव यदि द्रव्यमात्मनैवोत्पद्यते आत्मनैवावतिष्ठतेआत्मनैव नश्यतीत्यभ्युपगम्यते। तत्तु नाभ्युपगमात्। पर्यायिणामेवोत्पादादय कुत क्षणभेद। =प्रश्न—वस्तुका जो जन्मक्षण है वह जन्मसे ही व्याप्त होनेसे स्थितिक्षण और नाशक्षण नही है, जो स्थितिक्षण है वह दोनो (उत्पादक्षण और नाशक्षण) के अन्तरालमे दृढतया रहता है इसीलिए (वह) जन्मक्षण और नाशक्षण नही है, और जो नाशक्षण है वह वस्तु उत्पन्न होकर और स्थिर रहकर फिर नाशको प्राप्त होती है, इसलिए, जन्मक्षण और स्थितिक्षण नहीं है। इस प्रकार तर्कपूर्वक विचार करनेपर उत्पादादिका क्षणभेद हृदयभूमिमें अवतरित होता है? उत्तर—यह क्षणभेद हृदयभूमिमें तभी उतर सकता है जब यह माना जाय कि 'द्रव्य स्वय ही उत्पन्न होता है, स्वय ही ध्रुव रहता है और स्वय ही नाशको प्राप्त होता है।' किन्तु ऐसा तो माना नही गया है। (क्योकि यह सिद्ध कर दिया गया है कि) पर्यायोके ही उत्पादादिक है। (तब फिर) वहाँ क्षणभेद कहाँसे हो सकता है।

गो. जी /मं. प्र. ८३/२०५/७ परमार्थत: विग्रहगतौ प्रथमसमये उत्तरभवप्रथमपर्यायप्रादुर्भावो जन्म। पूर्वपर्याय विनाशोत्तरपर्यायप्रादुर्भावयोरङ्गुलिऋजुत्वविनाशवक्रत्वोत्पादवदेककालत्वात्। =परमार्थसे विग्रहगतिके प्रथम समयमें ही उत्तर भवकी प्रथम पर्यायके प्रादुर्भावरूप जन्म हो जाता है। क्योकि, जिस प्रकार अगुलीको टेढी करनेपर उसके सीधेपनका विनाश तथा टेढेपनका उत्पाद एक ही समयमे दिखाई देता है, उसी प्रकार पूर्वपर्यायका विनाश और उत्तर पर्यायका प्रादुर्भाव इन दोनोका भी एक ही काल है।

पं ध /पू २३३-२३६ एव च क्षणभेद स्याद्बीजाङ्कुरपादपत्ववत्त्विति चेत् ।२३३। तन्न यत क्षणभेदो न स्यादेकसमयमात्रं तत्। उत्पादादित्रयमपि हेतो सद्दृष्टितोऽपि सिद्धत्वात् ।२३४। अपि चाङ्कुरसृष्टेरिह य एव समय स बीजनाशस्य। उभयोरप्यात्मत्वात् स एव कालश्च पादपत्वस्य ।२३६। =प्रश्न—बीज अकुर और वृक्षपनेकी भाँति सत् की उत्पादादिक तीनो अवस्थाओमे क्षणभेद होता है ।२३३। उत्तर—ऐसा कहना ठीक नही है, क्योकि तीनोमे क्षणभेद नही है। परन्तु हेतुसे तथा साधक दृष्टान्तोसे भी सिद्ध होनेके कारण ये उत्पादादिक तीनो केवल एक समयवर्ती है ।२३४। वह इस प्रकार कि जिस समय अकुर की उत्पत्ति होती है, उसी समय बीजका नाश होता है और दोनोमे वृक्षत्व पाया जानेके कारण वृक्षत्वका भी वही काल है ।२३६।

७ उत्पादादिकमें समयके भेदाभेद विषयक समन्वय

ध १२/४,२,१३,२५४/४५७/६ सुहुमसांपराइयचरिमसमए वेयणीयस्स उक्कस्साणुभागबंधो जादो। ण च सुहुमसंपराइए मोहणीयभावो णत्थि, भावेण विणा दव्वकम्मस्स अत्थित्तविरोहादो सुहुमसांपराइयस्स णाणुववत्तीदो वा। तम्हा मोहणीयवेयणाभावविसया णत्थि त्ति ण जुज्जदे। एत्थ परिहारो उच्चदे। तं जहा—विणासविसए दोण्णि

णया होंति उप्पादाणुच्छेदो अणुप्पादाणुच्छेदो चेदि। तत्थ उप्पादाणुच्छेदो णाम दव्वट्ठियो। तेण सतावत्थाए चेव विणासमिच्छदि, असन्ते बुद्धिविसय चाइक्कतभावेण वयणगोयराइक्कंते अभाववबहाराणुववत्तीदो। ण च अभावो णाम अत्थि, तप्परिच्छेद तप्पमाणाभावादो, सन्तविसयाणं पमाणाणमसते वावारविरोहादो। अविरोहे वा गद्दहसिंगं पि पमाणविसय होज्ज। ण च एवं, अणुवलंभादो। तम्हा भावो चेव अभावो त्ति सिद्धं। *अणुप्पादाणुच्छेदो णाम पज्जवट्ठिओ णयो*। तेण असतावत्थाए अभाववत्थमिच्छदि, भावे उवलब्भमाणे अभावत्तविरोहादो। ण च पडिसेहविसओ भावो भावत्त मल्लियइ, पडिसेहस्स फलाभावप्पसगादो। ण च विणासो णत्थि घडियादीणं सव्वद्धमवट्ठाणाणुवलंभादो। ण च भावो अभावो होदि, भावाभावाणमण्णोण्णविरुद्धाणमेयत्तविरोहादो। एत्थ जेण दव्वट्ठियणयो उप्पादाणुच्छेदो अवलंबिदो तेण मोहणीयभाववेयणा णत्थि त्ति भणिद। पज्जवट्ठियणये पुण अवलविज्जमाणे मोहणीयभाववेयणा अणतगुणहीणा होदूण अत्थि त्ति वत्तव्वं।—सूक्ष्मसाम्परायिक गुणस्थानके अन्तिम समयमें वेदनीयका अनुभागबन्ध उत्कृष्ट हो जाता है। परन्तु उस सूक्ष्मसाम्परायिक गुणस्थानमें मोहनीयका भाव नहीं हो, ऐसा सम्भव नहीं है, क्योंकि भावके बिना द्रव्य कर्मके रहनेका विरोध है अथवा वहाँ भावके माननेपर 'सूक्ष्म-साम्परायिक' यह संज्ञा ही नहीं बनती है। इस कारण (तहाँ) मोहनीयकी भावविषयक वेदना नहीं है यह कहना उचित नहीं है। उत्तर—यहाँ इस शंकाका परिहार करते हैं। विनाशके विषयमें दो नय हैं—उत्पादानुच्छेद और अनुत्पादानुच्छेद। उत्पादानुच्छेदका अर्थ द्रव्यार्थिकनय है इसलिए वह सद्भावकी अवस्थामें ही विनाशको स्वीकार करता है, क्योंकि, असत् और बुद्धिविषयतासे अतिक्रान्त होनेके कारण वचनके अविषयभूत पदार्थमें अभावका व्यवहार नहीं बन सकता। दूसरी बात यह है कि अभाव नामका कोई स्वतन्त्र पदार्थ नहीं है, क्योंकि उसके ग्राहक प्रमाणका अभाव है। कारण कि सत्को विषय करनेवाले प्रमाणोंके असत्में प्रवृत्त होनेका विरोध है। अथवा असत्के विषयमें उनकी प्रवृत्तिका विरोध न माननेपर गधेका सींग भी प्रमाण का विषय होना चाहिए। परन्तु ऐसा है नहीं, क्योंकि, वह पाया नहीं जाता। इस प्रकार भावस्वरूप ही अभाव है यह सिद्ध होता है।

अनुत्पादानुच्छेदका अर्थ पर्यायार्थिकनय है। इसी कारण वह असत् अवस्थामें अभाव सज्ञाको स्वीकार करता है, क्योंकि, इस नयकी दृष्टिमें भावकी उपलब्धि होनेपर अभाव रूपताका विरोध है। और प्रतिषेधका विषयभूत, भाव भावरूपताको प्राप्त नहीं हो सकता, क्योंकि, ऐसा होनेपर प्रतिषेध निष्फल होनेका प्रसंग आता है। विनाश नहीं है यह भी नहीं कहा जा सकता, क्योंकि, घटिका आदिकोंका सर्वकाल अवस्थान नहीं पाया जाता। यदि कहा जाय कि भाव ही अभाव है (भावको छोड़कर तुच्छाभाव नहीं है) तो यह भी कहना ठीक नहीं है, क्योंकि, भाव और अभाव ये दोनों परस्पर विरुद्ध है, अतएव उनके एक होनेका विरोध है। यहाँ चूंकि द्रव्यार्थिक नयस्वरूप उत्पादानुच्छेदका अवलम्बन किया गया है, अतएव 'मोहनीय कर्मकी भाव वेदना यहाँ नहीं है' ऐसा कहा गया है। परन्तु यदि पर्यायार्थिकनयका अवलम्बन किया जाय तो मोहनीयकी भाववेदना अनन्तगुणी हीन होकर यहाँ विद्यमान है ऐसा कहना चाहिए।

गो. क./जी. प्र ६४/८०/११ *द्रव्यार्थिकनयापेक्षया स्वस्वगुणस्थानचरमसमये बन्धव्युच्छित्ति बन्धविनाश। पर्यायार्थिकनयेन तु अनन्तरसमये बन्धनाश*। द्रव्यार्थिकनयकी अपेक्षासे स्व स्व गुणस्थानके चरमसमयमें बन्धव्युच्छित्ति या बन्धविनाश होता है। और पर्यायार्थिकनयकी अपेक्षासे उस उस गुणस्थानके अनन्तर समयमें बन्धविनाश होता है।

३. द्रव्य गुण पर्याय तीनों त्रिलक्षणात्मक हैं

१. सम्पूर्ण द्रव्य परिणमन करता है द्रव्यांश नहीं

पं. ध./पू.२११-२१५ ननु भवतु वस्तु नित्यं गुणाश्च नित्या भवन्तु वार्धिरिव। भावा कल्लोलादिवदुत्पन्नध्वंसिनो भवन्त्विति चेत्। ।२११। तन्न यतो दृष्टान्त प्रकृतार्थस्यैव बाधको भवति। अपि तदनुक्तस्यास्य प्रकृतविपक्षस्य साधकत्वाच्च ।२१२। अर्थान्तरं हि न सत परिणामेभ्यो गुणस्य कस्यापि। एकत्वाज्जलधेरिव कल्लितस्य तरङ्गमालाभ्य ।२१३। किन्तु य एव समुद्रस्तरङ्गमाला भवन्ति ता एव। यस्मात्स्वय स जलधिस्तरङ्गरूपेण परिणमति ।२१४।तस्मात् स्वयमुत्पाद सदिति ध्रौव्य व्योऽपि सदिति। न सतोऽतिरिक्त एव हि व्युत्पादो वा व्ययोऽपि-वा ध्रौव्यम् ।२१५। —प्रश्न—समुद्रकी तरह वस्तुको तो नित्य माना जावे और गुण भी नित्य माने जावे, तथा पर्याये कल्लोल आदिकी तरह उत्पन्न व नाश होनेवाली मानी जावे। यदि ऐसा कहो तो ? ।२११। उत्तर—ठीक नहीं है, क्योंकि समुद्र और लहरोंका दृष्टान्त शंकाकारके प्रकृत अर्थका ही बाधक है, तथा शंकाकारके द्वारा नहीं कहे गये प्रकृत अर्थके विपक्षभूत इस वक्ष्यमाण कथंचित् नित्यानित्यात्मक अभेद अर्थका साधक है ।२१२। सो कैसे—तरंगमालाओंसे व्याप्त समुद्रकी तरह निश्चयसे किसी भी गुणके परिणामोंसे अर्थात् पर्यायोंसे सत्की अभिन्नता होनेसे उस सत्का अपने परिणामोंसे कुछ भी भेद नहीं है ।२१३। किन्तु जो ही समुद्र है वे ही तरंगमालाएँ हैं क्योंकि वह समुद्र स्वयं तरंगरूपसे परिणमन करता है ।२१४। इसलिये 'सत' यह स्वयं उत्पाद है स्वयं ध्रौव्य है और स्वयं ही व्यय भी है। क्योंकि सत्से भिन्न कोई उत्पाद अथवा व्यय अथवा ध्रौव्य कुछ नहीं है ।२१५। (विशेष दे. उत्पाद २/५)

रा. वा./पु ५/२२६ द्रव्यकी पर्यायके परिवर्तन होनेपर अपरिवर्तिष्णु अंश कोई नहीं रहता। यदि कोई अंश परिवर्तनशील और कोई अंश अपरिवर्तनशील हो तो द्रव्यमें सर्वथा नित्य या सर्वथा अनित्यका दोष आता है।

२ द्रव्य जिस समय जैसा परिणमन करता है उस समय वैसा ही होता है

प्र. सा./मू. ८-९ परिणमदि जेण दव्व तक्कालं तम्मय त्ति पण्णत्त। तम्हा धम्म परिणदो आदा धम्मो मुणेयव्वो ।८। जीवो परिणमदि जदा सुहेण असुहेण वा सुहो असुहो। सुद्धेण तदा सुद्धो हवदि हि परिणामसब्भावो ।९। —द्रव्य जिस समय जिस भावरूपसे परिणमन करता है उस समय तत्मय है, ऐसा कहा है। इसलिए धर्मपरिणत आत्माको धर्म समझना चाहिए ।८। जीव परिणामस्वभावी होनेसे जब शुभ या अशुभभावरूप परिणमन करता है, तब शुभ या अशुभ होता है और जब शुद्धभावरूप परिणमित होता है तब शुद्ध होता है ।९।

३ उत्पाद व्यय द्रव्यांशमें नहीं पर्यायांशमें होते हैं

प का./मू ११ उप्पत्ती व विणासो दव्वस्स य णत्थि अत्थि सब्भावो। विगमुप्पादधुवत्त करेंति तस्सेव पज्जाया। —द्रव्यका उत्पाद या विनाश नहीं है, सद्भाव है। उसीकी पर्याये विनाश उत्पाद व ध्रुवता करती है ।११। (प्र सा./मू. २०१)।

पं. ध./पू १७६ इद भवति पूर्वपूर्वभावविनाशेन नश्यतोऽशस्य। यदि वा तदुत्तरोत्तरभावोत्पादेन जायमानस्य ।१७६। —वह परिणमन पूर्वपूर्व भावके विनाश रूपसे नष्ट होनेवाले अंशका और केवल उत्तर-उत्तर भावके उत्पादरूप उत्पन्न होनेवाले अंशका है, परन्तु द्रव्यका नहीं है।

४ उत्पादव्ययको द्रव्यका अंश कहनेका कारण

प्र. सा./मू. २०१ उप्पादट्ठिदिभंगा विज्जते पज्जएसु पज्जाया। दव्वे हि संति णियदं तम्हा दव्वं हवदि सव्वं ।१०१। —उत्पाद, स्थिति और

भंग पर्यायोंमें होता है, पर्याय नियमसे द्रव्यमें होती है, इसलिए सारा का सारा एक द्रव्य ही है। (विशेष दे उत्पाद २/५)।

पं. ध./पू. २०० उत्पादस्थितिभङ्गा पर्यायाणां भवन्ति किल न सत। ते पर्यायाः द्रव्यं तस्माद्द्रव्यं हि तत्त्रितयम् ।२००। =निश्चयसे उत्पाद व्यय तथा ध्रौव्य ये तीनो पर्यायोके होते है सत्के नहीं, और क्योंकि वे पर्याये ही द्रव्य है, इसलिए द्रव्य ही उत्पादादि तीनोवाला कहा जाता है।

५ पर्याय भी कथंचित् ध्रुव है

श्लो. वा. २/१-६/१३/३५१/२७ एकक्षणस्थायित्वस्याभिधानात्।

श्लो. वा. २/१-७/२४/५८०/२२ केवलं यथार्जुसूत्रात्क्षणस्थितिरेव भाव स्वहेतोरुत्पन्नस्तथा द्रव्यार्थिकनयात्कालान्तरस्थितिरेवेति प्रतिचक्ष्महे सर्वथाप्यबाधितप्रत्ययायत्तसिद्धिरिति स्थितिरधिगम्या। =एक क्षणमें स्थितिस्वभावसे रहनेका अर्थ अक्षणिकपना कहा गया है, अर्थात् जो एक क्षण भी स्थितिशील है वह ध्रुव है जैसे ऋजुसूत्रनयसे एक क्षण तक ही ठहरनेवाला पदार्थ अपने कारणोसे उत्पन्न हुआ है, तिस प्रकार द्रव्यार्थिकनयसे जाना गया अधिक काल ठहरनेवाला पदार्थ भी अपने कारणोसे उत्पन्न हुआ है, यह हम व्यक्त रूपसे कहते है। सभी प्रकारो करके बाधारहित प्रमाणोसे उस कालान्तरस्थायी ध्रुव पर्यायको सिद्धि हो जाती है।

ध. ४/१,५,४/३३६/१२ मिच्छत्तं णाम पज्जाओ। सो च उप्पादविणासलक्खणो, द्विदीए अभावादो। अह जइ तस्स द्विदी वि इच्छिज्जदि, तो मिच्छत्तस्स दव्वत्तं पसज्जदे,' ण एस दोसो, जमक्कमेण तिलक्खणं तं दव्वं, ज पुण कमेण उप्पादट्ठिदिभंगिल्लं सो पज्जाओ त्ति जिणोवदेसादो। =प्रश्न—मिथ्यात्व नाम पर्यायका है, वह पर्याय उत्पाद और व्यय लक्षणवाली है, क्योंकि, उसमें स्थितिका अभाव है, और यदि उसके स्थिति भी मानते है तो मिथ्यात्वके द्रव्यपना प्राप्त होता है? उत्तर—यह कोई दोष नहीं, क्योंकि, जो अक्रमसे उत्पाद व्यय और ध्रौव्य इन तीनो लक्षणोवाला होता है वह द्रव्य होता है और जो क्रमसे उत्पाद स्थिति और व्यय वाला होता है वह पर्याय है, इस प्रकारसे जिनेन्द्रका उपदेश है।

प्र सा /त प्र १८ अखिलद्रव्याणां केनचित्पर्यायेणोत्पादः, केनचिद्विनाशः केनचिद्ध्रौव्यमित्यवबोद्धव्यम्। =सर्व द्रव्योका किसी पर्यायसे उत्पाद, किसी पर्यायसे विनाश और किसी पर्यायसे ध्रौव्य होता है।

पं. ध./पू. २०३ ध्रौव्य तत कथंचित् पर्यायार्थाच्च केवल न सत्। उत्पादव्ययवद्दिद तच्चैकांश न सर्व देशं स्यात् ।२०३। =पर्यायार्थिक नयसे ध्रौव्य भी कथंचित सत्का होता है, केवल सत्का नहीं। इसलिए उत्पाद व्यय की भाँति वह ध्रौव्य भी सत का अश (पर्याय) है परन्तु सर्व देश नहीं।

६ द्रव्य गुण पर्याय तीनो सत् है

प्र. सा /मू १०७ सद्दव्वं सच्च गुणो सच्चेव य पज्जओ त्ति वित्थारो। जो खलु तस्स अभावो सो तदभावो अतब्भावो। =सत् द्रव्य, सत् गुण और सत् पर्याय इस प्रकार सत्ता गुणका विस्तार है।

७ पर्याय सर्वथा सत् नहीं है

ध. १५/१/१७ असदकरणादुपादानग्रहणात् सर्वसंभवाभावात्। शक्तस्य शक्यकरणात् कारणभावाच्च सत्कार्यम् ।११। (सांख्य कारिका ६)—इति के वि भणंति। एवं पि ण जुज्जदे। कुदो। एयंतेण संते कत्तारवावारस्स विहलत्तप्पसगादो, उवायाणग्गहणाणुववत्तीदो, सव्वहा सतस्य संभवविरोहादो, सव्वहा सते कज्जकारणाभावाणुववत्तीदो। किंच—विप्पडिसेहादो ण संतस्स उप्पत्ती। जदि अत्थि, कधं तस्सुप्पत्ती। अह उप्पज्जई, कधं तस्स अत्थित्तमिदि। =प्रश्न—चूँकि असत् कार्य किया नहीं जा सकता है, उपादानोके साथ कार्यका सम्बन्ध रहता है, किसी एक कारणसे भी कार्योंकी उत्पत्ति सम्भव नहीं है, समर्थ कारणके द्वारा शक्य कार्य ही किया जाता है, तथा कार्य कारण-स्वरूपही है—उससे भिन्न सम्भव नहीं है, अतएव इन हेतुओके द्वारा कारण व्यापारसे पूर्व भी कार्य सत् ही है, यह सिद्ध है ।१। (सांख्य) उत्तर—इस प्रकार किन्हीं कपिल आदिका कहना है जो योग्य नहीं है। कारण कि कार्यको सर्वथा सत् माननेपर कर्ताके व्यापारके निष्फल होनेका प्रसग आता है। इसी प्रकार सर्वथा कार्यके सत् होनेपर उपादानका ग्रहण भी नहीं होता। सर्वथा सत् कार्यकी उत्पत्तिका विरोध है। कार्यके सर्वथा सत् होने पर कार्यकारणभाव ही घटित नहीं होता। इसके अतिरिक्त असंगत होनेसे सत्-कार्यकी उत्पत्ति सम्भव नहीं है, क्योंकि, यदि 'कार्य' कारणव्यापारके पूर्वमे भी विद्यमान है तो फिर उसकी उत्पत्ति कैसे हो सकती है? और यदि वह कारण व्यापारसे उत्पन्न होता है, तो फिर उसका पूर्वमें विद्यमान रहना कैसे सगत कहा जावेगा?

८ लोकाकाशमें भी तीनो पाये जाते है

का अ./मू ११७ परिणाम सहावादो पडिसमय परिणमंति दव्वाणि। तेसि परिणामादो लोयस्स वि मुणह परिणाम ।११७। =परिणमन करना वस्तुका स्वभाव है, अत द्रव्य प्रति समय परिणमन करते है। उनके परिणमनसे लोकका भी परिणमन जानो।

९ धर्मादि द्रव्योमें परिणमन है पर परिस्पन्द नहीं

स सि. ५/७/२७२/१ अत्रोच्यते-धर्मादीनि द्रव्याणि यदि निष्क्रियाणि ततस्तेषामुत्पादो न भवेत्। क्रियापूर्वको हि घटादीनामुत्पादो दृष्ट। उत्पादाभावाच्च व्ययाभाव इति। अत सर्वद्रव्याणामुत्पादादित्रितयकल्पनाव्याघात इति। तत्र, किं कारणम्। अन्यथोपपत्ते। क्रियानिमित्तोत्पादाभावेऽप्येषां धर्मादीनामन्यथोत्पाद कल्प्यते। तद्यथा द्विविध उत्पाद स्वनिमित्त परप्रत्ययश्च। षट्स्थानपतितया वृद्ध्या हान्या च प्रवर्तमानाना स्वभावादेस्तेषामुत्पादो व्ययश्च। =प्रश्न - यदि धर्मादि द्रव्य निष्क्रिय है तो उनका उत्पाद नहीं बन सकता, क्योंकि घटादिकका क्रियापूर्वक ही उत्पाद देखा जाता है, और उत्पाद नहीं बननेसे इनका व्यय भी नहीं बनता। अत 'सब द्रव्य उत्पाद आदि तीन रूप होते है', इस कल्पनाका व्याघात हो जाता है? उत्तर—नहीं, क्योंकि इनमें उत्पादादि तीन अन्य प्रकारसे बन जाते है। यद्यपि इन धर्मादि द्रव्योमे क्रिया निमित्तक उत्पाद नहीं है तो भी इनमें अन्य प्रकारसे उत्पाद माना गया है। यथा—उत्पाद दो प्रकारका है—स्वनिमित्तक उत्पाद और परप्रत्यय उत्पाद। तहाँ इनमें छह स्थानपतित वृद्धि और हानिके द्वारा वर्तन होता रहता है। अत इनका उत्पाद और व्यय स्वभावसे (स्वनिमित्तक) होता है। (रा. वा. ५/७/३/४४६/१०)

१० मुक्त आत्माओमें भी तीनो देखे जा सकते हैं

प्र सा /मू. १७ भगविहीणो य भवो सभव परिवज्जिदो विणासो हि। विज्जदि तस्सेव पुणो ठिदिसभवणाससमवायो ।१७। =उसके (शुद्धात्मस्वभावको प्राप्त आत्माके) विनाश रहित उत्पाद है, और उत्पादरहित विनाश है। उसके ही फिर ध्रौव्य, उत्पाद और विनाशका समय विद्यमान है।१७।

प्र. सा./ता वृ १८/१२ सुवर्णगोरसमृत्तिकापुरुषादिमूर्तपदार्थेषु यथोत्पादादित्रयं लोके प्रसिद्धं तथैवामूर्तेऽपि मुक्तजीवे। यद्यपि १, संसारावसानोत्पन्नकारणसमयसारपर्यायस्य विनाशोभवति तथैव केवलज्ञानादिव्यक्तिरूपस्य कार्यसमयसारपर्यायस्योत्पादश्च भवति, तथाप्युभयपर्यायपरिणतात्मद्रव्यत्वेन ध्रौव्यत्व पदार्थत्वादिति। अथवा २ ज्ञेयपदार्थाः प्रतिक्षणं भङ्गत्रयेण परिणमन्ति तथा ज्ञानमपि परिच्छित्त्यपेक्षया भङ्गत्रयेण परिणमति। ३ षट्स्थानगतागुरुलघुकगुणवृद्धिहान्यापेक्षया वा भङ्गत्रयमवबोद्धव्यमिति सूत्रतात्पर्यम्। =जिस प्रकार स्वर्ण, गोरस, मिट्टी व पुरुषादि मूर्तद्रव्योमें उत्पा-

दादि तीनों लोकोंमें प्रसिद्ध है उसी प्रकार अमूर्त मुक्तजीवमें भी जानना। १ यद्यपि संसारकी जन्ममरणरूप कारणसमयसारकी पर्यायका विनाश हो जाता है परन्तु केवलज्ञानादिकी व्यक्तिरूप कार्यसमयसाररूप पर्यायका उत्पाद भी हो जाता है, और दोनों पर्यायोंसे परिणत आत्मद्रव्यरूपसे ध्रौव्यत्व भी बना रहता है, क्योंकि, वह एक पदार्थ है। २. अथवा दूसरी प्रकारसे—ज्ञेय पदार्थोंमें प्रतिक्षण तीनों भङ्गों द्वारा परिणमन होता रहता है और ज्ञान भी परिच्छित्तिकी अपेक्षा तदनुसार ही तीनों भङ्गोंसे परिणमन करता रहता है। ३ तीसरी प्रकारसे षट्स्थानगत अगुरुलघुगुणमें होनेवाली वृद्धिहानिकी अपेक्षा भी तीनों भङ्ग तहाँ जानने चाहिए। ऐसा सूत्रका तात्पर्य है। (प. प्र./टी. १/५६), (द्र. स./टी. १४/४६/१)

★ उत्पादव्यय सापेक्ष निरपेक्ष द्रव्यार्थिक नय—दे. नय IV/२।

उत्प्रेक्षा—एक अर्थालंकार। इसमें भेदज्ञानपूर्वक उपमेयमें उपमानकी प्रतीति होती है।

उत्संज्ञासंज्ञ—अपर नाम अवसन्नासन्न। क्षेत्र प्रमाणका एक भेद है—दे. गणित I/१।

उत्सरण—स्थिति बन्धोत्सरण—दे. उत्कर्षण।

उत्सर्ग—स सि १/३३/१४०/६ द्रव्यं सामान्यमुत्सर्गः अनुवृत्तिरित्यर्थः। =द्रव्यका अर्थ सामान्य, उत्सर्ग और अनुवृत्ति है। उसको विषय करनेवाला नय द्रव्यार्थिकनय है।

द. पा./टी. २४/२१/२० सामान्योक्तो विधिरुत्सर्गः। =सामान्य रूपसे कही जानेवाली विधिको उत्सर्ग कहते हैं।

२ अप्रत्यवेक्षित अप्रमार्जितोत्सर्ग

स सि ७/३४/३७०/११ अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितायां भूमौ मूत्रपुरीषोत्सर्गः अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्गः। =बिना देखी और बिना प्रमार्जित (पीछी आदिसे झाड़ी गयी) भूमिमें मलमूत्रका त्याग करना अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्ग है।

उत्सर्ग तप—दे. व्युत्सर्ग २।

उत्सर्ग व अपवाद पद्धति—दे. पद्धति।

उत्सर्ग मार्ग—दे. अपवाद।

उत्सर्ग लिंग—दे. लिंग १।

उत्सर्ग समिति—प्रतिष्ठापना समिति—दे. समिति १।

उत्सर्पिणि—१० कोडाकोडी सागरोंका एक उत्सर्पिणी काल होता है। इस काल सम्बन्धी विशेषताएँ—दे. काल ४

उत्साह—भूत कालीन १५वें तीर्थंकर—दे. तीर्थंकर ५।

उत्सेध—Height ऊँचाई;

उत्सेधांगुल—क्षेत्र प्रमाणका एक भेद—दे. गणित I/१/३।

उदंक—अपर नाम 'प्रभादेव'। यह भावी चौबीसीमें आठवें तीर्थंकर है—दे. तीर्थंकर ५।

उदंबर—बड़ बटो, पीपल बटी, ऊमर, कठूमर, पाकर, गूलर, अंजीर आदि फल उदंबर फल है इनमें उड़ते हुए त्रस जीव प्रत्यक्ष देखे जा सकते हैं। उदम्बर फल यद्यपि पाँच बताये जाते हैं, परन्तु इसी जातिके अन्य भी फल इन्हींमें गर्भित समझना।

१ उदंबर फलोंके अतिचार

सा. ध. ३/१४ सं फलमविज्ञातं वार्ताकादि त्वदारितं। तद्वद् भल्लादिलिबीश्च त्यजेन्नोदुंबरव्रती।१४। =उदम्बर त्याग व्रतको पालन करनेवाला श्रावक सम्पूर्ण अज्ञात फलोंको तथा बिना चीरे हुए भटा वगैरहको और उसी तरह बिना चीरी सेमकी फली न खावे।

ला. सं. २/७६-१०३ अत्रोदुम्बरशब्दस्तु नूनं स्यादुपलक्षणम्। तेन साधारणस्त्याज्या ये वनस्पतिकायिका।७६। मूलबीजा यथा प्रोक्ता फलकाद्याद्रकादयः। न भक्ष्या दैवयोगाद्वा रोगिणाप्यौषधच्छलात्।८०। एवमन्यदपि त्याज्यं यत्साधारणलक्षणम्। त्रसाश्रितं विशेषेण तद्वद्विद्युक्तस्य का कथा।९०। साधारणं च केषांचिन्मूलं स्कन्धस्तथागमात्। शाखाः पत्राणि पुष्पाणि पर्व दुग्धफलानि च।९१। कुंपलानि च सर्वेषां मृदूनि च यथागमम्। सन्ति साधारणान्येव प्रोक्तकालावधेरध।९७। =यहाँपर उदम्बर शब्दका ग्रहण उपलक्षण रूप है। अतः सर्व ही साधारण वनस्पतिकायिक त्याज्य हैं।७६। मूलबीज, अग्रबीज, पोरबीज और किसी प्रकारके भी अनन्तकायिक फल जैसे अदरख आदि उन्हें नहीं खाना चाहिए। न दैवयोगसे खाने चाहिए और न ही रोगमें औषधिके रूपमें खाने चाहिए।८०। इसी प्रकारसे अन्य भी साधारण लक्षणवाली तथा विशेषतः त्रसजीवोंके आश्रयभूत वनस्पतिका त्याग कर देना चाहिए।९०। किसी वृक्षकी जड़ साधारण होती है और किसीकी शाखा, स्कन्ध, पत्र, पुष्प व पर्व आदि साधारण होते हैं। किसी वृक्षका दूध व फल अथवा क्षीर फल (जिन फलोंको तोड़नेपर दूध निकलता हो) साधारण होते हैं।९१। कूंपलें तथा सर्व ही कोमल पत्ते व फल आगमके अनुसार यथाकालकी अवधि पर्यंत साधारण रहते हैं, पीछे प्रत्येक हो जाते हैं। उनका भी त्याग करना चाहिए।९७।

★ पंच उदम्बर फलोंका निषेध—दे. भक्ष्याभक्ष्य ४

उदक—१. उत्तर दिशा; २. उत्तर दिशा की प्रधानता—दे. दिशा, ३ जलके अर्थमें—दे. जल, ४. राक्षस जातिका एक व्यंतर देव—दे. राक्षस, ५. लवण समुद्रमें स्थित एक पर्वत—दे. लोक ५/६, ६. लवण समुद्रमें स्थित शंख पर्वतका रक्षक एक देव—दे. लोक ५/६।

उदक वर्ण—एक ग्रह—दे. ग्रह।

उदकावास—१. लवणसमुद्रमें स्थित एक पर्वत—दे. लोक ५/६; २ लवणसमुद्रमें महाशंख पर्वतका रक्षक देव—दे. लोक ५/६।

उदधि कुमार—भवनवासी देवोंका एक भेद—दे. भवन/१,४।

उदय—जीवके पूर्वकृत जो शुभ या अशुभ कर्म उसकी चित्तभूमिपर अंकित पड़े रहते हैं, वे अपने-अपने समयपर परिपक्व दशाको प्राप्त होकर जीवको फल देकर खिर जाते हैं। इसे ही कर्मोंका उदय कहते हैं। कर्मोंका यह उदय द्रव्य क्षेत्र काल व भवकी अपेक्षा रखकर आता है। कर्मके उदयमें जीवके परिणाम उस कर्मकी प्रकृतिके अनुसार ही नियमसे हो जाते हैं, इसीसे कर्मोंको जीवका पराभव करनेवाला कहा गया है।

---

१ भेद, लक्षण व प्रकृतियाँ

१ अनेक अपेक्षाओंसे उदयके भेद

१. स्वमुखोदय परमुखोदय, २ सविपाक अविपाक, ३. तीव्र मन्दादि।

२ द्रव्य कर्मोदयका लक्षण

३ भाव कर्मोदयका लक्षण

४ स्वमुखोदय व परमुखोदयके लक्षण

५ सम्प्राप्ति जनित व निषेक जनित उदयका लक्षण

६ उदयस्थानका लक्षण

७ सामान्य उदय योग्य प्रकृतियाँ

८ ध्रुवोदयी प्रकृतियाँ
* स्वोदय परोदय बन्धी आदि प्रकृतियाँ—दे. उदय/७

२ उदय सामान्य निर्देश
१ कर्म कभी बिना फल दिये नहीं झडते
* कर्मोदयके अनुसार ही जीवके परिणाम होते हैं —दे. कारण III/५
* कर्मोदयानुसार परिणमन व मोक्षका समन्वय दे. कारण IV/२
* कर्मोदयकी उपेक्षा की जानी सम्भव है— दे. विभाव/४
२ उदयका अभाव होनेपर जीवमें शुद्धता आती है
३ कर्मका उदय द्रव्य क्षेत्रादिके निमित्तसे होता है
४ द्रव्य क्षेत्रादिकी अनुकूलतामें स्वमुखेन और प्रतिकूलतामें परमुखेन उदय होता है
५ बिना फल दिये निर्जीर्ण होनेवाले कर्मोंकी उदय संज्ञा कैसे हो सकती है ?
६ कर्मोदयके निमित्तभूत कुछ द्रव्योंका निर्देश
७ कर्मप्रकृतियोंका फल यथाकाल भी होता है और अयथाकाल भी
८ बन्ध, उदय व सत्त्वमें अन्तर
* कषायोदय व स्थितिबन्धाध्यवसाय स्थानोंमें अन्तर —दे. अध्यवसाय
* उदय व उदीरणामें अन्तर—दे. उदीरणा
* ईर्यापथकर्म—दे. ईर्यापथ

३ निषेक रचना
१ उदय सामान्यकी निषेक रचना
२ सत्त्वकी निषेक रचना
३ सत्त्व व उदयागत द्रव्य विभाजन
४ उदयागत निषेकोंका त्रिकोण यन्त्र
५ सत्त्वगत निषेकोंका त्रिकोण यन्त्र
६ उपशमकरण द्वारा उदयागत निषेक रचनामें परिवर्तन

४ उदय प्ररूपणा सम्बन्धी कुछ नियम
१ मूल प्रकृतिका स्वमुख तथा उत्तर प्रकृतियोंका स्व व परमुख उदय होता है
२ सर्वघातीमें देशघातीका उदय होता है, पर देशघातीमें सर्वघातीका नहीं
* निद्रा प्रकृतिके उदय सम्बन्धी नियम—दे. निद्रा
३ ऊपर ऊपरकी चारित्रमोह प्रकृतियोंमें नीचे-नीचेवाली तज्जातीय प्रकृतियोंका उदय अवश्य होता है
४ अनन्तानुबन्धीके उदय सम्बन्धी विशेषताएँ
५ दर्शनमोहनीयके उदय सम्बन्धी नियम
६ चारित्रमोहनीयकी प्रकृतियोंमें सहवर्ती उदय सम्बन्धी नियम
७ नामकर्मकी प्रकृतियोंके उदय सम्बन्धी
१ चार जाति व स्थावर इन पाँच प्रकृतियों की उदय व्युच्छित्ति सम्बन्धी दो मत। २. संस्थानका उदय विग्रहगतिमें नहीं होता। ३ गति, आयु व आनुपूर्वीका उदय भवके प्रथम समयमें ही हो जाता है। ४. आतपउद्योतका उदय तेज, वात व सूक्ष्ममें नहीं होता। ५. आहारकद्विक व तीर्थङ्कर प्रकृतिका उदय पुरुषवेदीको ही सम्भव है।
* तीर्थंकर प्रकृतिके उदय सम्बन्धी—दे तीर्थङ्कर।
८ नामकर्मकी प्रकृतियोंमें सहवर्ती उदय सम्बन्धी
९ उदयके स्वामित्व सम्बन्धी सारणी
* गोत्र प्रकृतिके उदय सम्बन्धी—दे. वर्ण व्यवस्था
* कषायोंका व साता वेदनीयका उदयकाल —दे वह वह नाम

५ प्रकृतियोंके उदय सम्बन्धी शंका समाधान
* पुद्गल जीव पर प्रभाव कैसे डाले—दे. कारण IV/२
* प्रत्येक कर्मका उदय हर समय क्यों नहीं रहता ? —दे उदय २/३
१ असंज्ञियोंमें देवादि गतिका उदय कैसे होता है ?
* तेजकायिकोंमें आतप वा उद्योत क्यों नहीं ? —दे. उदय ४/७
२ देवगतिमें उद्योतके बिना दीप्ति कैसे है ?
३ एकेन्द्रियोंमें अंगोपांग व संस्थान क्यों नहीं ?
४ विकलेन्द्रियोंमें हुंडक संस्थान व दु.स्वर ही क्यों ?

६ कर्म प्रकृतियोंकी उदय व उदयस्थान प्ररूपणाएँ
१ सारिणीमें प्रयुक्त संकेतोंके अर्थ।
२ उदय व्युच्छित्ति की ओघ प्ररूपणा
३ उदय व्युच्छित्तिकी आदेश प्ररूपणा
४ सातिशय मिथ्यादृष्टिमें मूलोत्तर प्रकृतिके चार प्रकार उदयकी प्ररूपणा
५ मूलोत्तर प्रकृति सामान्य उदयस्थान प्ररूपणा
६ मोहनीयकी सामान्य व ओघ उदयस्थान प्ररूपणा
७ नामकर्मकी उदयस्थान प्ररूपणाएँ
१. युगपत् उदय आने योग्य विकल्प तथा संकेत। २. नामकर्मके कुछ स्थान व भङ्ग। ३. नामकर्मके उदय स्थानोंकी ओघ प्ररूपणा। ४ उदय स्थान जीव समास प्ररूपणा। ५ उदय स्थान आदेश प्ररूपणा। ६ पाँच कालोंकी अपेक्षा नामकर्मोदय स्थानों की सामान्य प्ररूपणा। ७. पाँच कालोंकी अपेक्षा नामकर्मोदय स्थानोंकी चतुर्गति प्ररूपणा। ८ प्रकृति स्थिति आदि उदयों की अपेक्षा ओघ आदेश प्ररूपणाओंकी सूची।

७ उदय उदीरणा व बन्धकी संयोगी स्थान प्ररूपणाएँ
१ उदय व्युच्छित्तिके पश्चात्, पूर्व व युगपत् बन्ध व्युच्छित्ति योग्य प्रकृतियाँ

२ स्वोदय परोदय व उभयबन्धी प्रकृतियाँ
* आतप व उद्योतका परोदय बन्ध होता है--दे. उदय ४/७
* यद्यपि मोहनीयका जघन्य उदय स्व प्रकृतिका बन्ध करनेको असमर्थ है परन्तु वह भी सामान्य बन्धमें कारण है—दे. बन्ध/३
३ किन्ही प्रकृतियोके बन्ध व उदयमें अविनाभावी सामानाधिकरण्य
४ मूल व उत्तर बन्ध उदय सम्बन्धी संयोगी प्ररूपणा
५ मूल प्रकृति बन्ध, उदय व उदीरणा सम्बन्धी संयोगी प्ररूपणा
* सभी प्रकृतियोंका उदय बन्धका कारण नही --दे उदय ६

८ बन्ध उदय सत्त्वकी त्रिसंयोगी स्थान-प्ररूपणा

१ मूलोत्तर प्रकृति स्थानोकी त्रिसयोगी ओघप्ररूपणा
२ चार गतियोमें आयुकर्म स्थानोकी त्रिसंयोगी सामान्य व ओघ प्ररूपणा
३ मोहनीय कर्मकी सामान्य त्रिसंयोगी स्थान प्ररूपणा

१ बन्ध आधार--उदय सत्त्व आधेय। २ उदय आधार--बन्ध सत्त्व आधेय। ३ सत्त्व आधार--बन्ध उदय आधेय। ४ बन्ध उदय आधार--सत्त्व आधेय। ५ बन्ध सत्त्व आधार-उदय आधेय। ६ उदय सत्त्व आधार--बन्ध आधेय।

४ मोहनीय कर्म स्थानोकी त्रिसंयोगी ओघ प्ररूपणा
५ नामकर्मकी सामान्य त्रिसंयोगी स्थान प्ररूपणा

१. बन्ध आधार--उदय सत्त्व आधेय। २. उदय आधार--बन्ध सत्त्व आधेय। ३ सत्त्व आधार--बन्ध उदय आधेय। ४ बन्ध उदय आधार--सत्त्व आधेय। ५ बन्ध सत्त्व आधार--उदय आधेय। उदय सत्त्व आधार--बन्ध आधेय।

६ नामकर्म स्थानोकी त्रिसयोगी ओघ प्ररूपणा
७ जीव समासोंकी अपेक्षा नामकर्म स्थानकी त्रिसंयोगी प्ररूपणा
८ नामकर्म स्थानोकी त्रिसंयोगी आदेश प्ररूपणा
* मूलोत्तर प्रकृतियोके चारो प्रकारके उदय व उनके स्वामियो सम्बन्धी सख्या, क्षेत्र, काल, अन्तर व अल्पबहुत्व प्ररूपणाएँ--दे. वह वह नाम

९ औदयिक भाव निर्देश

१ औदयिक भावका लक्षण
२ औदयिक भावके भेद
* औदयिक भाव बन्धका कारण है—दे. भाव/२
३ मोहज औदयिक भाव ही बन्धके कारण हैं अन्य नही
४ वास्तवमे मोहजनित भाव ही औदयिक हैं, उसके बिना सब औदयिक भी क्षायिक हैं
* असिद्धत्वादि भावोमे औदयिकपना—दे. वह वह नाम
* क्षायोपशमिक भावमे कथञ्चित् औदायिकपना --दे क्षयोपशम
* गुणस्थानो व मार्गणास्थानोमें औदायिकभावपना तथा तत्सम्बन्धी शंका समाधान—दे वह वह नाम
* कषाय व जीवत्वभावमें कथञ्चित् औदयिक व पारिणामिकपना—दे वह वह नाम
* औदयिक भाव जीवका निज तत्त्व है दे. भाव/२
* औदयिक भावका आगम व अध्यात्म पद्धतिसे निर्देश —दे. पद्धति

---

१. भेद, लक्षण व प्रकृतियाँ

१ अनेक अपेक्षाओसे उदयके भेद

स सि ८/२१/३९८/७ स एव प्रत्ययवशादुपात्तोऽनुभवो द्विधा वर्तते स्वमुखेन परमुखेन च। =इस प्रकार कारणवशसे प्राप्त हुआ वह अनुभव दो प्रकारसे प्रवृत्त होता है—१ स्वमुखसे और २ परमुखसे। (रा वा ८/२१/१/५८३/१६)

ध.स/प्रा ४/५१३ काल-भव-खेत्तपेही उदओ सविवाग अविवागो। =काल, भव और क्षेत्रका निमित्त पाकर कर्मोंका उदय होता है। वह दो प्रकारका है—१. सविपाक उदय और २ अविपाक उदय। (पं.सं /सं ४/३६८)। तीव्र मन्दादिउदय ध १/१,१३६/३८८/३ षड्विध कषायोदय। तद्यथा, तीव्रतम., तीव्रतर., तीव्र, मन्द., मन्दतर, मन्दतम इति। =कषायका उदय छह प्रकारका होता है। वह इस प्रकार है। तीव्रतम, तीव्रतर, तीव्र, मन्द, मन्दतर, मन्दतम।

प्रकृति स्थिति आदिकी अपेक्षा भेद :—
ध /१५/२८५-२८६



२. द्रव्य कर्मोदयका लक्षण

ष खं./प्रा /३/३ धण्णस्स सगहो वा संतं जं पुव्वसंचियं कम्मं। भुंजणकालो उदओ उदीरणाऽपक्वपाचणफलं च ।३।=धन्यके सग्रहके समान जो पूर्व संचित कर्म है, उनके आत्मामे अवस्थितरहनेको सत्व कहते है। कर्मोंके फल भोगनेके कालको उदय कहते है। तथा अपक्व कर्मोंके पाचनको उदीरणा कहते है।

स सि २/१/१४९/८ द्रव्यादिनिमित्तवशात् कर्मणा फलप्राप्तिरुदयः। =द्रव्य, क्षेत्र, काल व भवके निमित्तके वशसे कर्मोंके फलका प्राप्त होना उदय है। (रा वा. २/१/४/१००/१९) (रा वा. ६/१४/१/५२४/२९) (प्र सा /त प्र. ५६/१०६/१)

क पा /वेदक अधिकार ६ कम्मेण उदयो कम्मोदयो, अवक्कपाचणाए विणा जहाकालजणिदो कम्मा। ठिदिक्खएण जो विवागो सो कम्मोदयोत्ति भण्णदे। सो पुण खेत्त भव काल पोग्गल ट्ठिदी विवागोदय त्ति एदस्सगाहाथच्छद्धस्स समुदायत्थो भवदि। कुदो। खेत्त भव काल पोग्गले अस्सिऊण जा ट्ठिदक्खओ उदिण्णफलक्खध

परिसडणलक्खणो सोदयो त्ति सुत्तत्थावलंबणादो। =कर्मरूपसे उदयमें आनेको कर्मोदय कहते हैं। अपक्वपाचनके बिना यथाकाल जनित स्थितिक्षयसे जो कर्मोंका विपाक होता है, उसको कर्मोदय कहते हैं। ऐसा इस गाथाके उत्तरार्धका अर्थ है। सो कैसे? क्षेत्र, भव, काल और पुद्गल द्रव्यके आश्रयसे स्थितिका क्षय होना तथा कर्मस्कन्धोंका अपना फल देकर झड जाना उदय है। ऐसा सूत्रके अवलम्बनसे जाना जाता है।

गो.जी./जी प्र. ८/२१/१२ स्वस्थितिक्षयवशादुदयनिषेके गलतां कार्मणस्कन्धानां फलदानपरिणतिः उदयः। =अपनी अपनी स्थिति क्षयके वशसे उदयरूप निषेकोंके गलनेपर कर्मस्कन्धोंकी जो फलदान परिणति होती है, उसे उदय कहते हैं। (गो.क./जी.प्र ४३१/५१२/८)।

गो.क/जी.प्र.२६४/३६७/११ स्वभावाभिव्यक्तिः उदयः, स्वकार्यं कृत्वा रूपपरित्यागो वा। =अपने अनुभागरूप स्वभावको प्रगटताको उदय कहिए है। अथवा अपना कार्यकरि कर्मणाको छोडै ताको उदय कहिये।

३. भावकर्मोदयका लक्षण

स.सा./मू. १३२-१३३ अण्णाणस्सस उदओ जा जीवाणं अतच्चउवलद्धी। मिच्छत्तस्स दु उदओ जीवस्स असद्दहाणत्तं ।१३२। उदओ असंजमस्स दु जं जीवाणं हवेइ अविरमणं। जो दु कलुसोवओगो जं वाणं सो कसायउदओ ।१३३। =जीवोंके तो जो तत्वका अज्ञान है वह अज्ञानका उदय है और जीवके जो अश्रद्धान है वह मिथ्यात्वका उदय है। और जीवोंके अविरमण या अत्यागभाव है वह असंयमका उदय है और जीवोंके मलिन उपयोग है वह कषायका उदय है।

स. सि. ६/१४/३३२/७ उदयो विपाकः। =कर्मके विपाकको उदय कहते हैं।

४. स्वमुखोदय व परमुखोदयके लक्षण

गो.क./जी प्र. ३४२/४६३/१० अनुदयगतानां परमुखोदयत्वेन स्वसमयोदया एकैकनिषेकाः स्थितीत्तसंक्रमेण संक्रम्य गच्छन्तीति स्वमुखपरमुखोदयविशेषो अवगन्तव्यः। =उदयको प्राप्त नाहीं जे नपुंसक वेदादि परमुख उदयकरि समान समयनिविषै उदयरूप एक-एक निषेक, कह्या अनुक्रमकरि संक्रमणरूप होइ प्रवर्त्तै (विशेष दे स्तुविक संक्रमण) ऐसे स्वमुख व परमुख उदयका विशेष जानना। जो प्रकृति आपरूप ही होइ उदय आवै तहाँ स्वमुख उदय है। जो प्रकृति अन्य प्रकृतिरूप होइ (उदय आवै) तहाँ पर-मुख उदय है। पृ. ४६४/१० (रा. वा./हिं ८/२१/६२६)

५. सम्प्राप्तिजनित व निषेक जनित उदय

ध. १५/२८६/६ संतत्तीदो एगा ट्ठिदि उदिण्णा, सपहि उदिण्णपरमाणूणमेगसमयावट्ठाणं मोत्तूण दुसमयादि अवट्ठाणंतराणुवलंभादो। सेचियादो अणेगाओ ट्ठिदीओ उदिण्णाओ, एण्हिं जं पदेसग्गं उदिण्णं तस्स दव्वट्ठियणय पडुच्च पुव्विल्लभावोवयारसंभवादो। =संप्राप्तिकी अपेक्षा एक स्थिति उदीर्ण होती है, क्योंकि, इस समय उदय प्राप्त परमाणुओंके एक समयरूप अवस्थानको छोडकर दो समय आदिरूप अवस्थानान्तर पाया नहीं जाता। निषेककी अपेक्षा अनेक स्थितियाँ उदीर्ण होती है, क्योंकि इस समय जो प्रदेशाग्र उदीर्ण हुआ है उसके द्रव्यार्थिक नयकी अपेक्षा पूर्वीयभावके उपचारकी संभावना है।"

६. उदयस्थानका लक्षण

रा. वा.२/५/४/१०७/१३—एकप्रदेशो जघन्यगुणः परिगृहीतः, तस्य चानुभागविभागप्रतिच्छेदाः पूर्ववत्कृताः। एवं समगुणाः वर्गाः समुदिताः वर्गणा भवति। एकाविभागपरिच्छेदाधिकाः पूर्ववद्विरलीकृता वर्गावर्गणाश्च भवन्ति यावदन्तरं भवति तावदेकं स्पर्धकं भवति। एवमनेन क्रमेण विभागे क्रियमाणेऽभव्यानामनन्तगुणानि सिद्धानामनन्तभागप्रमाणानि स्पर्धकानि भवन्ति। तदेतत्समुदितमेकमुदयस्थानं भवति। =एक प्रदेशके जघन्य गुणको ग्रहण करके उसके अविभाग प्रतिच्छेद करने चाहिए। समान अविभाग प्रतिच्छेदोंकी पंक्तिसे वर्ग तथा वर्गोंके समूहसे वर्गणा होती है। इस क्रमसे समगुणवाले वर्गोंके समुदायरूप वर्गणा बनानी चाहिए। इस तरह जहाँ तक एक-एक अविभाग परिच्छेदका लाभ हो वहाँ तककी वर्गणाओंके समूहका एक स्पर्धक होता है। इसके आगे एक दो आदि अविभागप्रतिच्छेद अधिकवाले वर्ग नहीं मिलते, अनन्त अविभागप्रतिच्छेद अधिक वाले ही मिलते हैं। तहाँ से आगे पुन जब तक क्रम वृद्धि प्राप्त होती रहे और अन्तर न पडे तबतक स्पर्धक होता है। इस तरह सम गुणवाले वर्गोंके समुदायरूप वर्गणाओं के समूहरूप स्पर्धक एक उदयस्थानमें अभव्योंसे अनन्तगुणे तथा सिद्धोंके अनन्तभाग प्रमाण होते हैं।

म ब ५/§६४६/३८१/१२ याणि चेव अणुभागबन्धज्झवसाणट्ठाणाणि ताणि चेव अणुभागबन्धट्ठाणाणि। अण्णाणि पुणो परिणामट्ठाणाणि ताणि चेव कसायउदयट्ठाणाणि त्ति भणंति। =जो अनुभागबन्धाध्यवसायस्थान है वे ही अनुभाग बन्धस्थान हैं। तथा अन्य जो परिणामस्थान हैं वे ही कषाय उदयस्थान कहे जाते हैं।

स सा./आ. ५३ यानि स्वफलसम्पादनसमर्थकर्मावस्थालक्षणान्युदयस्थानानि। =अपने फलके उत्पन्न करनेमें समर्थ कर्मअवस्था जिनका लक्षण है ऐसे जो उदयस्थान-।

७. सामान्य उदय योग्य प्रकृतियाँ

पं स/प्रा २/७ वण्ण-रस-गन्ध फासा चउ चउ सत्तेक्कमणुदयपयडीओ। ए ए पुण सोलसयं बन्धण-संघाय पंचयं ।७। =चार वर्ण, चार रस, एक गन्ध, सात स्पर्श, पाँच, बन्धन और पाँच संघात ये छब्बीस प्रकृतियाँ उदयके अयोग्य है। शेष १२२ प्रकृतियाँ उदयके योग्य होती है। (पं. स २/३८)।

गो. क/जी. प्र ३७/४२/१ उदये भेदविवक्षायां सर्वा अष्टचत्वारिंशच्छत अभेदविवक्षायां द्वाविंशत्युत्तरशतं। =उदयमें भेदकी अपेक्षा सर्व १४८ प्रकृतियाँ उदय योग्य है और अभेदकी अपेक्षा १२२ प्रकृतियाँ उदय योग्य है। (पं स/सं. १४८)।

८. ध्रुवोदयी प्रकृतियाँ

गो क./मू ५८८/७६२ णामधुवोदयबारस गइजाईणं च तसतिजुम्माणं। सुभगादेज्जजसाणं जुम्मेक्कं विग्गहे वाणू। =तैजस, कार्मण, वर्णादिक ४, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, अगुरुलघु, निर्माण ये नाम कर्मकी १२ प्रकृतियाँ ध्रुवोदयी है।

२. उदय सामान्य निर्देश

१. कर्म कभी बिना फल दिये नहीं झड़ते

क पा.३/२२/§४३०/२४५/२ ण च कम्मं सगरूवेण परसरूवेण वा अदत्तफलमकम्मभावं गच्छदि, विरोहादो। एगसमयं सगसरूवेणच्छिय बिदियसमए परपडिसरूवेणच्छिय तदियसमए अकम्मभावं गच्छदि त्ति दुसमयकालट्ठिदिणिद्देसो कदो। =कर्म स्वरूपसे या पररूपसे फल बिना दिये अकर्मभावको प्राप्त होते नहीं क्योंकि, ऐसा माननेमें विरोध आता है। किन्तु अनुदयरूप प्रकृतियोंके प्रत्येक निषेक एक समय तक स्वरूपसे रहकर और दूसरे समयमें परप्रकृतिरूपसे रहकर तीसरे समयमें अकर्मभावको प्राप्त होते हैं, ऐसा नियम है। अतः सूत्रमें (सम्यग्मिथ्यात्व के) दो समय काल प्रमाण स्थितिका निर्देश दिया है। (भ आ/मू १८५०/१६६१)/

२. उदयका अभाव होने पर जीवमें शुद्धता आती है

ष.ख ७/२,१/सू. ३४-३५/७८ अजोगि णाम कधं भवदि ।३४। खइयाए लद्धीए ।३५। =जीव अयोगी कैसे होता है? ।३४। क्षायिक लब्धिसे जीव अयोगी होता है ।३५।

३. कर्मका उदय द्रव्य क्षेत्र आदिके निमित्तसे होता है

क. पा. सुत्त/मू. गा. ५६/४६५ । खेत्त भव काल पोग्गल ट्ठिदिविवागोदयखयो दु ।५६।=क्षेत्र, भव, काल और पुद्गलद्रव्यका आश्रय लेकर जो स्थिति विपाक होता है उसे उदीरणा कहते है और उदयक्षयको उदय कहते है ।

पं.सं/प्रा ४/५१३ । कालभवखेत्तपेही उदओ ।=काल, भव और क्षेत्रका निमित्त पाकर कर्मोंका उदय होता है । (भ आ./वि १७०८/१५३७/८).

क. पा १/१,१३,१४/§२४२/२८६/१ दव्वकम्मस्स उदएण जीवो कोहो त्ति जं भणिदं एत्थ चोअओ भणदि, दव्वकम्माइं जीवसंबंधाइं संताइं किमिदि सगकज्जं कसायरूवं सव्वद्धं ण कुणंति । अलद्धविसिट्ठभावत्तादो । तदलंभे कारणं वत्तव्वं । पागभावो कारणं । पागभावस्स विणासो वि दव्वखेत्तकालभवे पेक्खिऊण जायदे । तदो ण सव्वद्धं दव्वकम्माइं सगफलं कुणंति त्ति सिद्धं ।=द्रव्यकर्मके उदयसे जीव क्रोधरूप होता है, ऐसा जो कथन किया है उसपर शंकाकार कहता है—प्रश्न—जब द्रव्यकर्मोंका जीवके साथ सम्बन्ध पाया जाता है तो वे कषायरूप अपने कार्यको सर्वदा क्यों नहीं उत्पन्न करते है ? उत्तर—सभी अवस्थाओंमें फल देनेरूप विशिष्ट अवस्थाको प्राप्त न होनेके कारण द्रव्य कर्म सर्वदा अपने कषायरूप कार्यको नहीं करते हैं । प्रश्न—द्रव्यकर्म फल देनेरूप विशिष्ट अवस्थाको सर्वदा प्राप्त नहीं होते, इसमें क्या कारण है, उसका कथन करना चाहिए । उत्तर—जिस कारणसे द्रव्यकर्म सर्वदा विशिष्टपनेको प्राप्त नहीं होते वह कारण प्रागभाव है । प्रागभावका विनाश हुए विना कार्यकी उत्पत्ति नहीं हो सकती है । और प्रागभावका विनाश द्रव्य क्षेत्र काल और भवकी अपेक्षा लेकर होता है । इसलिए द्रव्यकर्म सर्वदा अपने कार्यको उत्पन्न नहीं करते है, यह सिद्ध होता है ।

भ आ /वि. ११७०/११५६/४ बाह्यद्रव्यं मनसा स्वीकृत रागद्वेषयोर्बीज तस्मिन्नसति सहकारिकारणे न च कर्ममात्राद्रागद्वेषवृत्तिर्यथा सत्यपि मृत्पिण्डे दण्डाद्यन्तर कारणवैकल्ये न घटोत्पत्तिर्यथेति मन्यते ।=मनमें विचारकर जब जीव बाह्यद्रव्यका अर्थात् बाह्य परिग्रहका स्वीकार करता है, तब राग द्वेष उत्पन्न होते है । यदि सहकारीकारण न होगा तो केवल कर्ममात्रसे रागद्वेष उत्पन्न होते नहीं । जैसे कि मृत्पिण्डसे उत्पन्न होते हुए भी दण्डादि के अभावमें उत्पन्न नहीं होता है और भी दे (उदय १/२/२,३), (उदय/२/४)

४ द्रव्यक्षेत्रादिकी अनुकूलतामें स्वमुखेन और प्रतिकूलतामें परमुखेन उदय होता है ।

क. पा. ३/२२/§४३०/२४४/६ उदयाभावेण उदयणिसेयट्ठिदी परसरूवेण गदाए ।=जिस प्रकृतिका उदय नहीं होता उसकी उदय निषेक स्थिति उपान्त्य समयमें पररूपसे संक्रमित हो जाती है ।

५ बिना फल दिये निर्जीर्ण होनेवाले कर्मोंको उदय संज्ञा कैसे हो सकती है ?

ध. १२/४,२,७,२६/१ णिप्फलस्स परमाणुपुंजस्स समयं पडि परिसदंतस्स कधं उदयववएसो । ण, जीवकम्मविवेगमेत्तफलं दट्ठूण उदयस्स फलत्तब्भुवगमादो । जदि एवं तो असादवेदणीयोदयकाले सादावेदणीयस्स उदओ णत्थि, असादावेदणीयस्सेव उदओ अत्थि त्ति ण वत्तव्वं, सगफलाणुप्पायणेण दोण्णं पि सरिसत्तुवलंभादो ण असादपरमाणूणं व सादपरमाणूणं सगसरूवेण णिज्जराभावादो । सादपरमाणओ असादसरूवेण विणस्सतावत्थाए परिणमिदूण विस्सते दट्ठूण सादावेदणीयस्स उदओ णत्थि त्तिवुच्चदे ण च असादावेदणीयस्स एसो कमो अत्थि, [असाद] परमाणूणं सगसरूवेणेण णिज्जरुवलंभादो । तम्हा दुक्खरूवफलाभावे वि असादावेदणीयस्स उदयाभावो जुज्जदे त्ति सिद्धं ।=प्रश्न—बिना फल दिये ही प्रतिसमय निर्जीर्ण होनेवाले (ईर्यापथ रूप) परमाणु समूहको उदय संज्ञा कैसे बन सकती है ? उत्तर—नहीं, क्योंकि जीव व कर्मके विवेकमात्र फलको देखकर उदयको फलरूपसे स्वीकार किया गया है ? प्रश्न - यदि ऐसा है तो 'असातावेदनीयके उदयकालमें सातावेदनीयका उदय नहीं होता, केवल असाता वेदनीयका ही उदय रहता है' ऐसा नहीं कहना चाहिए, क्योंकि, अपने फलको नहीं उत्पन्न करनेकी अपेक्षा दोनोंमें ही समानता पायी जाती है । उत्तर—नहीं क्योंकि, तब असातावेदनीयके परमाणुओंके समान सातावेदनीयके परमाणुओंकी अपने रूपसे निर्जरा नहीं होती । किन्तु विनाश होनेकी अवस्थामें असातारूपसे परिणमकर उनका विनाश होता है, यह देखकर सातावेदनीयका उदय नहीं है, ऐसा कहा जाता है । परन्तु असातावेदनीयका यह क्रम नहीं है, क्योंकि, तब असाताके परमाणुओंकी अपने रूपसे ही निर्जरा पायी जाती है । इस कारण दुखरूप फलके अभावमें भी असातावेदनीयका उदय मानना युक्तियुक्त है, यह सिद्ध होता है ।

६ कर्मोदयके निमित्तभूत कुछ द्रव्योंका निर्देश—

गो. क./भाषा ६८/६१/१५ जिस जिस प्रकृतिका जो जो उदय फलरूप कार्य है तिस तिस कार्यको जो बाह्यवस्तु कारणभूत होइ सो सो वस्तु तिस प्रकृतिका नोकर्म द्रव्य जानना (जैसे)—

(गो. क. ६६-८८/६१-७१) ।

गा.	नाम प्रकृति	नोकर्म द्रव्य
७०	मति ज्ञानावरण	वस्त्रादि ज्ञानकी आवरक वस्तुएँ
"	श्रुत ज्ञानावरण	इन्द्रिय विषय आदि
७१	अवधि व मन पर्यय	सक्लेशको कारणभूत वस्तुएँ
"	केवल ज्ञानावरण	×
७२	पाँच निद्रा दर्शनावरण	दही, लशुन, खल इत्यादि
"	चक्षु अचक्षु दर्शनावरण	वस्त्र आदि
७३	अवधि व केवल दर्शनावरण	उस उस ज्ञानावरणवत्
"	साता असाता वेदनीय	इष्ट अनिष्ट अन्नपान आदि
७४	सम्यक्त्व प्रकृति	जिन मन्दिर आदि
७४	मिथ्यात्व प्रकृति	कुदेव, कुमन्दिर, कुशास्त्रादि
"	मिश्र प्रकृति	सम्यक् व मिथ्या दोनों आयतन
७५	अनन्तानुबन्धी	कुदेवादि
"	अप्रत्याख्यादि १२ कषाय	काव्यग्रन्थ, लोकशास्त्र, पापीपुरुष आदि
७६	तीनों वेद	स्त्री, पुरुष व नपुसकके शरीर
"	हास्य	बहुरूपिया आदि
"	रति	सुपुत्रादि
७७	अरति	इष्ट वियोग अनिष्ट सयोग
"	शोक	सुपुत्रादिकी मृत्यु
"	भय	सिंहादिक
"	जुगुप्सा	निन्दित वस्तु
७८	आयु	तहाँ तहाँ प्राप्त इष्टानिष्ट आहारादि
७९-८३	नाम कर्म	तिसतिस गतिका क्षेत्र व इन्द्रिय शरीरादि के योग्य पुद्गल स्कन्ध
८४	ऊँच नीच गोत्र	ऊँच नीच कुल
"	अन्तराय	दानादि में विघ्नकारी पुरुष आदि

७ कर्मप्रकृतियोंका फल यथाकाल भी होता है और अयथाकाल भी

क. पा. सुत्त/वेदक अधिकार नं ६/मू. गा. ५६/४६५ कदि आवलियं पवेसेइ कदि च पविस्सति कस्स आवलियं। =प्रयोग विशेषके द्वारा कितनी कर्मप्रकृतियोंको उदयावलीके भीतर प्रवेश करता है? तथा किस जीवके कितनी कर्मप्रकृतियोंको उदीरणाके बिना (यथा काल) ही स्थितिक्षयसे उदयावलीके भीतर प्रवेश करता है?

श्लो वा २/सू ५३/वा २ कर्मणाममथाकाले विपाकोपपत्ते च आम्रफलादिवत्। =आम्र फलके अयथाकालपाककी भाँति कर्मोंका अयथाकाल भी विपाक हो जाता है।

ज्ञा. ३५/२६-२७ मन्दवीर्याणि जायन्ते कर्माण्यतिबलान्यपि। अपक्वपाचानायोगात्फलानीव वनस्पतेः २६। अपक्वपाकः क्रियतेऽस्तत्तन्द्रैस्तपोभिरुग्रैर्बहुशुद्धियुक्तैः। क्रमाद्गुणश्रेणिसमाश्रयेण सुसंवृतान्तःकरणैर्मुनीन्द्रैः ।२७। =पूर्वोक्त अष्ट कर्म अतिशय बलिष्ठ है, तथापि जिस प्रकार वनस्पतिके फल बिना पके भी पवनके निमित्तसे (पाल आदिसे) पक जाते हैं उसी प्रकार इन कर्मोंकी स्थिति पूरी होनेसे पहले भी तपश्चरणादिकसे मन्दवीर्य हो जाते हैं ।२६। नष्ट हुआ है प्रमाद जिनका और सम्यक् प्रकारसे संवररूप हुआ है चित्त जिनका ऐसे मुनीन्द्र उत्कृष्ट विशुद्धतासहित तपोसे अनुक्रमसे गुणश्रेणी निर्जरा का आश्रय करके बिना पके कर्मोंको भी पकाकर स्थिति पूरी हुए बिना ही निर्जरा करते हैं।२७।

८ बन्ध, उदय व सत्त्वमें अन्तर

क. पा १/§२५०/२६१/३ बंधसंतोदयसरूवमेगं चेव दव्वं। तं जहा, कसायजोगवसेण लोगमेत्तजीवपदेसेसु अक्कमेण आगदूण सबंधकम्मक्खंधा अणंताणंताणं परमाणुसमुदयसमागमुप्पण्णा कम्मपज्जाएण परिणयपढमसमए बंधववएसं पडिवज्जंति। ते चेव विदियसमयप्पहुडि जाव फलदाणहेट्ठिमसमओ त्ति ताव संतववएसं पडिवज्जंति। ते च्चेय फलदाणसमए उदयववएसं पडिवज्जंति। ण च णामभेदेण दव्वभेओ। ण कोहजणणाजणणसहावेण दिट्ठिभेएण च भिण्णदव्वाणमेयत्तविरोहादो। ण च लक्खणभेदे संते दव्वाणमेयत्तं होदि तिहुवणस्स भिण्णलक्खणस्स एयत्तप्पसंगादो। तम्हा ण बंधसंतदव्वाणं कम्मत्तमत्थि; जेण कोहोदय पडुच्च जीवो कोहकसायो जादो तं कम्मुदयगयं पच्चयकसाएण कसाओ त्ति सिद्धं। ण च एत्थ दव्वकम्मस्स उवयारेण कसायत्तं; उज्जुसुदे उवयाराभावादो। =प्रश्न—एक ही कर्म-द्रव्य बन्ध, सत्त्व और उदयरूप होता है। इसका खुलासा इस प्रकार है कि अनन्तानन्त परमाणुओंके समुदायके समागमसे उत्पन्न हुए कर्मस्कन्ध आकार कषाय और योगके निमित्तसे एक साथ लोकप्रमाण जीवके प्रदेशोंमें सम्बद्ध होकर कर्मपर्याय रूपसे परिणत होनेके प्रथम समयमें 'बन्ध' इस सज्ञाको प्राप्त होते हैं। जीवसे सम्बद्ध हुए वे ही कर्मस्कन्ध दूसरे समयसे लेकर फल देनेसे पहले समय तक 'सत्त्व' इस संज्ञाको प्राप्त होते हैं, तथा जीवसे सम्बद्ध हुए वे ही कर्मस्कन्ध फल देनेके समयमें 'उदय' इस सज्ञाको प्राप्त होते हैं। यदि कहा जाय कि द्रव्य एक ही है, फिर भी बन्ध आदि नाम भेदसे द्रव्यमें भेद हो ही जाता है, सो भी कहना ठीक नहीं है। उत्तर—नहीं, क्योंकि, बन्ध उदय और सत्त्वरूप कर्मद्रव्यमें क्रोध (आदि) को उत्पन्न करने और न करने की अपेक्षा तथा स्थितिकी अपेक्षा भेद पाया जाता है। (अर्थात् उदयागत कर्म क्रोधको उत्पन्न करता है बन्ध व सत्त्व नहीं। तथा बन्ध व उदयकी स्थिति एक-एक समय है, जब कि सत्त्वकी स्थिति अपने-अपने कर्मकी स्थितिके अनुरूप है)। अतः उन्हे सर्वथा एक माननेमें विरोध आता है। यदि कहा जाय कि लक्षणकी अपेक्षा भेद होनेपर भी द्रव्यमें एकत्व हो सकता है, सो भी कहना ठीक नहीं है, क्योंकि, ऐसा माननेपर भिन्न-भिन्न लक्षणवाले (ऊर्ध्व, मध्य व अधो) तीनो लोकोंको भी एकत्वका प्रसग प्राप्त हो जाता है। इसलिए ऋजुसूत्र नयकी अपेक्षा बन्ध और सत्त्वरूप द्रव्यके कर्मपना नहीं बनता है। अतः चूँकि क्रोधके उदयकी अपेक्षा करके जीव क्रोध कषायरूप होता है, इसलिए ऋजुसूत्र नयकी दृष्टिमें उदयको प्राप्त हुआ क्रोधकर्म ही प्रत्यय कषायकी अपेक्षा कषाय है यह सिद्ध होता है। यदि कहा जाय कि उदय द्रव्यकर्मका ही होता है अतः ऋजुसूत्र नय उपचारसे द्रव्यकर्मको भी प्रत्यय कषाय मान लेगा सो भी कहना ठीक नहीं है, क्योंकि, ऋजुसूत्र नयमें उपचार नहीं होता है।

३ निषेक रचना

१ उदय सामान्यकी निषेक रचना

गो. जी./जी. प्र २५८/५४८/५ ननु एकैकसमये जीवेन बद्धैकसमयप्रबद्धस्य आबाधावर्जितस्थितिप्रथमसमयादारभ्य तच्चरमसमयपर्यन्तं प्रतिसमयमेकैकनिषेक एवोदेति। कथमेकैकसमयप्रबद्ध उदेति प्रश्ने उच्यते — अनादिबंधनिबंधनबद्धविवक्षितसमयप्रबद्धनिषेक १. उदेति, तदा तदन्तरसमये बद्धसमयप्रबद्धस्य द्विचरमनिषेक उदेति १०. तदन्तरसमये बद्धसमयप्रबद्धस्य त्रिचरमनिषेक उदेति ११. एवं चतुर्थादिसमयेषु बद्धसमयप्रबद्धाना चतुश्चरमादिनिषेकोदयक्रमेण आबाधावर्जितविवक्षितसमयमात्रस्थानेषु गत्वा चरमतत्समयप्रबद्धस्य प्रथमनिषेक उदेति, एवं विवक्षितसमये एक समयप्रबद्धो बध्नाति एक उदेति किंचिदूनद्वयर्धगुणहानिमात्रसमयप्रबद्धसत्त्वं भवति। =प्रश्न—एक समयविषै जीवकरि बान्ध्या जो एक समयप्रबद्ध ताके आबाधा रहित अपनी स्थितिका प्रथम समयतै लगाइ अंतसमय पर्यंत समय-समय प्रति एक एक निषेक उदय आवै है। पूर्वे गाथाविषै समय प्रति एक-एक समयप्रबद्धका उदय आवना कैसे कह्या है। उत्तर—समय-समय प्रति बन्धे समयप्रबद्धनिका एक-एक निषेक इकट्ठे होइ विवक्षित एक समयविषै समय प्रबद्ध मात्र हो है। कैसे। सो कहिए है—अनादि बन्धनका निमित्तकरि बन्ध्या विवक्षित समयप्रबद्ध ताका जिस कालविषै अन्तनिषेक उदय हो है तिस कालविषै, ताके अनन्तर बन्ध्या समयप्रबद्धका उपान्त्य निषेक उदय हो है, ताके भी अनन्तर बन्ध्या समयप्रबद्धका अन्तसे तीसरा निषेक उदय हो है। ऐसे चौथे आदिसमयनिविषै बन्धे समयप्रबद्धनिका अन्ततै चौथा आदि निषेकनिका उदय क्रमकरि आबाधाकाल रहित विवक्षित स्थितिके जेते समय तितने स्थान जाय, अन्तविषे जो समयप्रबद्ध बन्ध्या ताका आदि निषेक उदय हो है। ऐसे सबनिको जोडै विवक्षित एक समयविषै एक समय प्रबद्ध उदय आवै है। अंक संदृष्टि करि जैसे (स्थिति बन्धकी निषेक रचनाके अनुसार (देखो आगे) ६ गुण हानियोके ४८ निषेकोमें-से) जिन समयप्रबद्धनि के सर्व निषेक गलि गये तिनिका उदय तो है नाहीं। बहुरि जिस समयप्रबद्धके ४७ निषेक पूर्वे गले ताका अन्तिम ६ (प्रदेशों) का निषेक वर्तमान समयविषै उदय आवै है। बहुरि जाकै ४६ निषेक पूर्वे गले ताका अन्तिमसे पहला १० (प्रदेशो) का निषेक उदय हो है। और ऐसे ही क्रमतै जाका एक हू निषेक पूर्वे न गला ताका प्रथम ५१२ का निषेक उदय हो है। ऐसे वर्तमान कोई एक समयविषै सर्व उदयरूप निषेकनिका उदय हो है। ६,१० ११,१२,१३,१४,१५,१६/ १८,२०,२२,२४,२६,२८,३०,३२/ ३६,४०,४४,४८,५२ ५६ ६०,६४/ ७२, ८०,८८,९६,१०४,११२,१२०,१२८/ १४४,१६० १७६,१९२,२०८,२२४,२४० २५६/ २८८,३२०,३५२,३८४,४१६,४४८ ४८०,५१२/ ऐसे इनिको जोडै सम्पूर्ण समयप्रबद्धमात्र प्रमाण हो है। आगामी कालविषै जैसे-जैसे नवीन समयप्रबद्धके निषेकनिके उदयका सद्भाव होता जायेगा, तैसे-तैसे पुराने समयप्रबद्धके निषेकनिके उदय अभाव होता जायेगा। जैसे—आगामी समयविषै नवीन समयप्रबद्धका प्रथम ५१२ का निषेक उदय आवेगा तहाँ वर्तमानविषै जिस समयप्रबद्धका ५१२ का निषेक उदय था ताका ५१२ वाले निषेकका अभाव होइ दूसरा ४८० का

[क्रमश पृ. ३७१]

४ उद्यागत निषेकों का त्रिकोण यंत्र
प्रमाण - गो. जी./५४८/५६८
स्थितिगत समय प्रबद्ध
उदयागत समय प्रबद्ध
प्रथम गुणहानि
द्वितीय गुणहानि
तृतीय गुणहानि
चतुर्थ गुणहानि
पंचम गुणहानि
अन्त्य गुणहानि

५. सत्त्वगत निषेक रचनाका यन्त्र—

प्रमाण :—(गो. क. ६४३/५१४३)



निषेक उदय आवेगा। बहुरि जिस समयप्रबद्धका वर्तमानविषै ४८० का निषेक उदय था ताका तिस निषेकका अभाव होइ ४४८के निषेकका उदय होगा। ऐसै क्रमतैं जिस समयप्रबद्धका वर्तमान विषै ६ का अन्तिम निषेक उदय था ताका आगामी समय विषै सर्व अभाव होगा। ऐसे प्रति समय जानना।

२. सत्त्वको निषेक रचना

गो. जी /जी. प्र /भाषा ६४२/११४१ तातैं समय प्रति समय एक-एक समयप्रबद्धका एक-एक निषेक मिलि (कुल) एक समयप्रबद्धका उदय हो है। बहुरि गले पीछे अवशेष रहे सर्व-निषेक तिनिको जोडै किंचिदून अर्धगुणहानिगुणित समय प्रमाण सत्त्व हो है। कैसे—सो कहिये है। जिस समयप्रबद्धका एक हू निषेक गल्या नाही ताके सर्व निषेक नीचै पंक्तिविषै लिखिये। बहुरि ताकै ऊपरि जिस समयप्रबद्धका एक निषेक गल्या होइ ताके आदि (५१२वाले) निषेक बिना अवशेष निषेक पंक्ति विषै लिखिये। बहुरि ताकै ऊपरि जिस समयप्रबद्धके दोय निषेक गले होइ ताके आदिके दोय (५१२,४८०) बिना अवशेष निषेक पंक्तिविषै लिखिये। ऐसे ही ऊपरि-ऊपरि एक-एक निषेक घटता लिखि सर्व उपरि जिस समयप्रबद्धके अन्य निषेक गलि गये, एक अवशेष रहा होइ ताका अन्त (६ का) निषेक लिखना। ऐसे करते त्रिकोण रचना हो है। अंक संदृष्टि करि जैसे—नीचे ही ४८ निषेक लिखे ताके उपरि ५१२ वालेके बिना ८० निषेक लिखे। ऐसे ही क्रमतैं उपरि ही उपरि ६ बाला निषेक लिख्या। ऐसे लिखतैं त्रिकूण हू रचना हो है। तातैं तिस त्रिकोण यन्त्रका जोडा हुआ सर्व द्रव्यप्रमाण सत्त्व द्रव्य जानना। सो कितना हो है सो कहिये है—किंचिदून द्वयर्ध गुणहानि गुणित समयप्रबद्धप्रमाण हो है।

३. सत्त्व व उदयगत द्रव्य विभाजन

१. सत्त्व गत—एक समयप्रबद्धमें कुल द्रव्यका प्रमाण ६३०० है। तो प्रथम समयसे लेकर सत्ताके अन्तसमय पर्यन्त यथायोग्य अनेको गुण हानियोद्वारा विशेष चय हीन क्रमसे उसका विभाजन निम्न प्रकार है। यद्यपि यहाँ प्रत्येक गुणहानिको बराबर बराबर दर्शाया है, परन्तु इसको एक दूसरेके ऊपर रखकर प्रत्येक सत्ताका द्रव्य जानना। अर्थात् षष्ठ गुणहानिके उपर पंचमको और उसके ऊपर चतुर्थ आदिको रखकर प्रथम निषेक अन्तिम निषेक पर्यन्ते क्रमिक हानि जाननी चाहिए।

निषेक स०	गुण हानि आयाम					
	१	२	३	४	५	६
	गुण हानि चय प्रमाण					
	३२	१६	८	४	२	१
८	२८८	१४४	७२	३६	१८	६
७	३२०	१६०	८०	४०	२०	१०
६	३५२	१७६	८८	४४	२२	११
५	३८४	१६२	९६	४८	२४	१२
४	४१६	२०८	१०४	५२	२६	१३
३	४४८	२२४	११२	५६	२८	१४
२	४८०	२४०	१२०	६०	३०	१५
१	५१२	२५६	१२८	६४	३२	१६
कुल द्रव्य ६३००	३२००	१६००	८००	४००	२००	१००

२. उदय गत—प्रत्येक समयप्रबद्ध या प्रत्येक समयका द्रव्य उत्तरोत्तर वृद्धिको प्राप्त होता जाता है। क्योंकि उसमें अधिक-अधिक 'सत्त्वगत' निषेक मिलते जाते हैं। सो प्रथम समयसे लेकर अन्तिम समय पर्यन्त विशेष वृद्धिका क्रम निम्न प्रकार है। यहाँ भी बराबर बराबर लिखी गुण हानियोंको एक दूसरीके ऊपर रखकर प्रथम निषेकसे अन्तिम-पर्यन्त वृद्धि क्रम देखना चाहिए।

निषेक स.	गुण हानि आयाम					
	१	२	३	४	५	६
१	६	११८	३३६	७७२	१६४४	३३८८
२	१६	१३८	३७६	८५२	१८०४	३७०८
३	३०	१६०	४२०	९४०	१९८०	४०६०
४	४२	१८४	४६८	१०३६	२१७२	४४४४
५	५५	२१०	५२०	११४०	२३८०	४८६०
६	६६	२३८	५७६	१२५२	२६०४	५३०८
७	८४	२६८	६३६	१३७२	२८४४	५७८८
८	१००	३००	७००	१५००	३१००	६३००
कुल द्रव्य	४०८	१६१६	४०३२	८८६४	१८५२८	३७८५६

इन उपरोक्त दोनो यन्त्रोको परस्परमे सम्मेल देखनेके लिए देखो यन्त्र (गो. जी /भाषा २८८/५)

४ उदयागत निषेकोका त्रिकोण यंत्र—

दे पृ ३६६

५. सत्त्वगत निषेकोका त्रिकोण यंत्र—

दे. पृ ३७०

६. उपशमकरण द्वारा उदयागत निषेक रचनामें परिवर्तन

